इंदौर
रविवार
29 नवंबर 2026
वर्ष- 22 • अंक 165

दोपहर दैनिक

सिटी ब्लास्ट

स्कैन करें, ई-पेपर पढ़ें

मूल्य 2 रुपए • पृष्ठ 12

निर्भीक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

epaper.cityblast.in

कल आएगा बिल, घबराई कांग्रेस की दौड़-भाग

द्रमुक, शरद पवार को मनाने के लिए आज जाएंगे राहुल, सोनिया, खरगे

नई दिल्ली.एजेंसी। कल लोकसभा में परिसीमन व महिला आरक्षण विधेयक पेश किए जाने की संभावना है। इन बिलों को लेकर कल संसद में हंगामा भी होने के आसार हैं। मोदी सरकार ने दोनों विधेयकों को हर हालत में पारित कराने के लिए जरूरी आंकड़े लगभग जुटा लिए हैं। जबकि कांग्रेस व उसके सहयोगी दल इन बिलों को गिराने के लिए पूरी ताकत लगा रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी आज द्रमुक प्रमुख एमके स्टालिन और एनसीपी प्रमुख शरद पवार से मुलाकात करेंगे। सोनिया गांधी भी इस बैठक में शामिल हो सकती हैं। विधेयक को पास कराना सरकार के लिए आसान नहीं होगा। इसके लिए संसद के दोनों सदनों में मौजूद और मतदान करने वाले सदस्यों के दो-तिहाई समर्थन के साथ कम से कम आधे राज्यों की विधानसभाओं की मंजूरी भी जरूरी होगी।



द्रमुक, शरद पवार की पार्टी राकांपा, बीआरएस, वाईएसआर कांग्रेस का समर्थन बिल को मिलना तय माना जा रहा है, जबकि झामुमो, बीजू जनता दल, आप, उद्धव की शिवसेना अभी असमंजस में हैं। कांग्रेस, सपा, तृणमूल, राजद, भाकपा, माकपा, नेशनल कांफ्रेंस, मुस्लिम लीग और रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी इस बिल का विरोध कर रही है।

बढ़ जाएगा उत्तरप्रदेश का कद

परिसीमन विधेयक पारित हुआ तो उत्तरप्रदेश का कद और बढ़ जाएगा। उप्र में 80 की जगह 120 लोकसभा सीटें हो जाएंगी और विधायकों की संख्या भी 600 के पार पहुंच जाएगी।

समर्थन देने वालों को मिलेगी केंद्र सरकार में जगह

परिसीमन और महिला आरक्षण विधेयक का समर्थन करने पर द्रमुक व शरद पवार की पार्टी को मोदी मंत्रिमंडल में जगह मिल सकती है। द्रमुक को 2 और शरद पवार की पार्टी को 1 मंत्री पद मिल सकता है। अकाली दल को भी जगह मिल सकती है।

कांग्रेस ने चुनाव लड़ने की इच्छुक महिलाओं की बनाई सूची

भोपाल.एजेंसी। संसद में महिला आरक्षण और परिसीमन से जुड़े प्रस्तावों पर चर्चा की तैयारी के बीच मध्यप्रदेश कांग्रेस ने भी अपनी रणनीति पर काम शुरू कर दिया है। पार्टी ने प्रदेशभर से 500 ऐसी महिलाओं की सूची तैयार कराई है, जो आने वाले चुनावों में उम्मीदवार बनने की इच्छुक हैं। कांग्रेस इन महिलाओं को प्रशिक्षण देकर चुनावी राजनीति के लिए तैयार करेगी। इसके लिए 2 दिसंबर को भोपाल स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में पहली बैठक और ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कांग्रेस ने 2023 के विधानसभा चुनाव में 30 महिलाओं को टिकट दिया था, लेकिन इनमें से सिर्फ छह चुनाव जीतकर विधायक बनीं। लोकसभा में सिर्फ एक महिला को टिकट दिया था।

मकान में आग 4 की मौत

नई दिल्ली.एजेंसी। दिल्ली के विश्वास नगर इलाके में आज तड़के एक मकान में आग लगने से 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि 2 लोग घायल हो गए। आग लगने की वजह ई-रिक्शा का चार्जिंग पॉइंट में शॉर्ट सर्किट होना सामने आया है। आग की चपेट में आए सभी लोग पहली मंजिल पर सो रहे थे।

भीषण हादसा, पूरा परिवार खत्म

खुशी मनाने जा रहे थे मंदिर, टक्कर में 13 मरे

रामगढ़.एजेंसी। झारखंड के रामगढ़ जिले में रांची-पटना राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-33) पर कुजू थाना क्षेत्र के पैंकी गांव के पास देर रात करीब 2 बजे एक भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें बिहार के नालंदा जिले के 13 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में 4 बच्चे, 4 महिलाएं और 5 पुरुष शामिल हैं, जबकि हादसे में एक व्यक्ति घायल हुआ है। मारे गए सभी लोग एक ही परिवार के हैं। इन लोगों की मौत से पूरा परिवार खत्म हो गया।

नालंदा जिले के बेन थाना क्षेत्र के जंघारो गांव के एक परिवार के सदस्य की नौकरी लगने की खुशी में सभी लोग पूजा-अर्चना के लिए रजरप्पा मंदिर जा रहे थे। इसी दौरान उनकी स्कॉर्पियो कार की एक अज्ञात वाहन से जोरदार टक्कर हो गई।



वापस ऊपर जाओ, भूकंप आया है

उतरने वाला था प्लेन तभी हिलने लगी धरती

कैलिफोर्निया.एजेंसी। अमेरिका के कैलिफोर्निया में 5 की तीव्रता का भूकंप आने से दहशत फैल गई। एयरपोर्ट पर सामान गिरने लगा और छत की टाइलें भी गिरने लगीं। जिस समय भूकंप आया उस समय एक प्लेन नीचे उतरने वाला था, लेकिन इस प्लेन को रोक दिया गया और कहा गया कि वापस ऊपर जाओ, भूकंप आया है। इसके बाद नीचे उतर रहा विमान तेजी से ऊपर चला गया। भूकंप के झटकों से लॉस एंजिल्स का पूरा इलाके हिलने लगा।

अन्य सड़क हादसों में 17 की मौत

उत्तराखंड के पौड़ी में इको गाड़ी गहरी खाई में जा गिरी जिसस 7 महिलाओं सहित 8 लोगों की मौत हो गई। उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर में सिकिया मोड़ के पास राखड़ से लदा एक हाइवा ट्रक सवारियों से भरे ऑटो पर पलट गया। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हुए हैं। उधर जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में एक एसयूवी के खाई में गिरने से एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई। गुजरात के सुरेंद्र नगर में पैदल जा रहे परिवार को ऑडी गाड़ी ने रौंद दिया जिससे दो महिलाओं की मौत हो गई। मध्यप्रदेश के रतलाम में तेज रफ्तार कार एक पिकअप में जा घुसी, जिससे 6 लोग घायल हो गए।



प्रदर्शन में चले पत्थर और पेट्रोल बम

तिराना.एजेंसी। अल्बानिया की राजधानी तिराना में सरकार विरोधी प्रदर्शन के दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हिंसक झड़पें हुईं। इसमें 30 लोग घायल हो गए। प्रदर्शन की शुरुआत शांतिपूर्ण थी, लेकिन नकाबपोश प्रदर्शनकारियों ने सरकारी इमारतों के शीशे तोड़ दिए और पुलिस पर पत्थर और मोलोटोव कॉकटेल फेंके। पुलिस ने भी आंसू गैस के गोले छोड़े और पानी की बौछारें कीं।

मप्र में पारा 5 और राजस्थान में 4 तक पहुंचा

रविवार.एजेंसी। मध्यप्रदेश में कटनी के करौंदी में पारा 5.2 डिग्री तक पहुंच गया। मप्र में अगले दो दिन तक शीतलहर का अलर्ट जारी किया गया है। प्रदेश के 11 शहरों में पारा 10 डिग्री के नीचे चल रहा है। राजस्थान के फतेहपुर में पारा 4 डिग्री दर्ज किया गया। कोहरे के कारण दिल्ली, बिहार की 45 ट्रेनें रद्द कर दी गईं।

योगी ने कहा-कमल के चेहरे पर लड़ेंगे चुनाव

लखनऊ.एजेंसी। उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उप्र में भाजपा किसी नेता के चेहरे पर नहीं बल्कि कमल के चेहरे पर चुनाव लड़ेगी। योगी ने सपा और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि दोनों दलों के बीच शह-मात का खेल चल रहा है और पूरा कुनबा बिखरने वाला है। इसी डर से जल्दबाजी में उम्मीदवार घोषित किए जा रहे हैं।

बंगाल के मदरसों में जुमे की छुट्टी खत्म

कोलकाता.एजेंसी। पश्चिम बंगाल मदरसा शिक्षा बोर्ड ने राज्य के सभी सरकारी मान्यता प्राप्त मदरसों को साप्ताहिक अवकाश रखने की अपनी पुरानी परंपरा बंद कर दी है। इसकी बजाए केवल अब रविवार को छुट्टी रखने का निर्देश दिया है। यह अधिसूचना बोर्ड की वेबसाइट पर डाली गई।

हूतियों ने किए एयरपोर्ट-रिफाइनरी पर ताबड़तोड़ हमले

रविवार. एजेंसी। यमन के हूतियों ने सऊदी अरब के अहम ठिकानों पर बड़े हमलों का दावा किया है। हूतियों ने रियाद के किंग खालिद एयरपोर्ट, जाजान तेल रिफाइनरी और दो पावर स्टेशनों को निशाना बनाया। वहीं, ईरान ने अपनी सैन्य ताकत दिखाते हुए तीन नए छोटे मानवरहित ड्रोन पेश किए हैं, जिनमें से एक काउंटर-ड्रोन मिशन के लिए है और बाकी दो आत्मघाती हमलों के लिए विकसित किए गए हैं।

योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यूपी में लगेगी हैट्रिक-हेमा मालिनी

नृत्य भी किया और स्वच्छता-संस्कृति की तारीफ भी की

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

मथुरा से भाजपा सांसद और अभिनेत्री के साथ नृत्यांगना हेमा मालिनी कल इंदौर आई, वे शास्त्रीय संगीत के कार्यक्रम में शामिल भी हुई। अभय प्रशाल में मीडिया से रूबरू भी हुई। कार्यक्रम में हेमा मालिनी ने जहां प्रस्तुति दी वहीं बातचीत में कहा कि इंदौर की स्वच्छता की पहचान पूरे देश में हैं, यहां की संस्कृति और ऐतिहासिक विरासत पर भी वे बोली और सराहना की।



अपनी सक्रियता को लेकर भी उन्होंने कहा कि काम ही उनकी ऊर्जा का स्त्रोत है। वे उत्तरप्रदेश की मथुरा की सांसद है इसलिए उ.प्र. की राजनीति पर भी वे बोली और कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यूपी में फिर से भाजपा की सरकार बनेगी और वहां हैट्रीक लगाई जाएगी। हेमा मालिनी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ की और कहा कि मुख्यमंत्री के माध्यम से ही मथुरा में काफी हद तक अपने संसदीय क्षेत्र में उन्होंने अच्छा काम किया है। हेमा मालिनी ने मंजे हुए राजनेता की तरह कहा कि चुनाव के समय विपक्ष का काम आरोप लगाना होता है। हेमा मालिनी ने इंदौर को अपनी पसंदीदा जगह बताया उन्होंने कहा कि फिल्मों में युवाओं का करियर काफी अच्छा है, काम के दौरान उन्हें संयम रखने की आवश्यकता है। हर कोई सेलिब्रेटी नहीं बन सकता।



33 करोड़ से बनने वाली निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। महापौर पुष्यमित्र भार्गव और जनकार्य प्रभारी राजेन्द्र राठौर ने मास्टर प्लान योजना के अंतर्गत एमआर-10 से एमआर-12 को जोड़ने वाली निर्माणाधीन सड़क के विकास कार्य का निरीक्षण किया। 33 करोड़ रुपये की लागत से 1800 मीटर लंबी इस सड़क निर्माण कार्य निरीक्षण के दौरान महापौर द्वारा निर्माण कार्य में आ रही बाधाओं को प्राथमिकता से दूर करने तथा शेष निर्माण कार्य निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए, ताकि क्षेत्रवासियों को सुगम एवं सुरक्षित यातायात की सुविधा उपलब्ध हो सके। अधिकारी अभय राजनगांवकर, पीएस कुशवाह, नरेन्द्र जायसवाल भी मौजूद रहे।



विधायक ने किया ज्वेलरी शो एग्जीबिशन का शुभारंभ

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश सराफा एसोसिएशन एवं ग्लैम बॉक्स के संयुक्त तत्वावधान में ब्रिलिएंट कन्वेंशन में तीन दिवसीय ज्वेलरी शो एग्जीबिशन का शुभारंभ विधायक मालिनी गौड़ ने किया। कार्यक्रम में सांसद शंकर लालवानी, गोलू शुक्ला भी पहुंचे थे। निर्मल वर्मा, राजा सर्राफ, देवीलाल सोनी, सचिन सोनी सहित अन्य मौजूद रहे। 250 स्टॉल लगाए गए थे।

युवाओं की भूमिका पर संवाद और अलंकरण

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, नई दिल्ली एवं अक्षर सामाजिक सेवा समिति, इंदौर के संयुक्त तत्वावधान में प्रीतमलाल दुआ सभागृह में विकसित भारत के संकल्प के साथ मध्यप्रदेश सेवा अलंकरण समारोह एवं युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। अलग-अलग क्षेत्रों में सेवा देने वाले लोगों का सम्मान भी किया गया। युवाओं की भूमिका पर संवाद भी हुआ। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, ए विनोद, ओम शर्मा, शोभा पेंठणकर, डॉ. आलोक ड्रोलिया मौजूद थे। डॉ. अखिलेश भार्गव, डॉ. सपना गुप्ता, सुष्मिता सिंह, पुष्पा सोलंकी, सतीश पटेल,



अनिल परासर, ऋतु पांडेय, डॉ. वंचना सिंह परिहार, संतोषी गुप्ता, रूपा गोहिया, अभिजीत सिंह राठौर, अनुराग सिंह राव, डॉ. प्रमिला कबीर, संजीव वैद्य, अशोक कुमार भागवत, दीपक कर्दम, सुनील त्रिपाठी, निकिता रघुवंशी, प्रियंका जैन देशपांडे, नितिन जैन, धर्मेंद्र जोशी, रितेश बापना, राजेंद्र बंधु, महक शर्मा, अतुल सेठ, रेखा सुराना, रिया जैन, ममता चौहान, राजेश मन्नू कल्याणी, हरिराम तम्बोली, किरण बंसल, भूमिका भावेल का सम्मान किया गया। विवेक सिंह, सुनील पंड्या के मार्गदर्शन में आयोजन हुआ।

प्रधानमंत्री के मन की बात

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' आज भाजपाई संवाद का हिस्सा बने हुए है। हर माह के अंतिम रविवार अलग-अलग स्थानों पर सुबह 11 बजे से भाजपाई हिस्सा बने हुए है।

सांसद-विधायक ने किया प्रतिभाओं का सम्मान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट



सांसद सेवा संकल्प के अन्तर्गत आयोजित संविधान जागरूकता महाअभियान का आयोजन किया गया। कॉलेज के अलावा शासकीय अत्री देवी विद्यालय में विद्यार्थियों को संविधान की शपथ दिलाई गई, प्रतिभाओं का सम्मान भी हुआ और विद्यार्थियों को शुद्ध पेयजल की सौगात भी सांसद ने दिलाई। सांसद निधि से वॉटर कूलर यहां लगवाया गया। सांसद शंकर लालवानी एवं विधायक मालिनी गौड़, पार्षद जितेन्द्र राठौर भी साथ में मौजूद थे। रंगोली एवं भाषण प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी शौर्य मल्होत्रा, प्राचर्य कुसुम सैनी, महेन्द्र शर्मा, शिक्षक भी मौजूद रहे।

पार्षद का आज शाम मिलन, अन्नकूट और भजन आयोजन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। विधानसभा 2 के वार्ड 33 के पार्षद मनोज मिश्रा द्वारा वार्ड में दीपावली मिलन, अन्नकूट महोत्सव और गन्नू महाराज की भजन संध्या का आयोजन आज रविवार की शाम 7 बजे से वीर हनुमान मंदिर, सीएम-2 ईश्वर नगर पुलिया के पास आयोजित किया जा रहा है। विधायक महेन्द्र हार्डिया से लेकर क्षेत्र के सभी भाजपा पार्षद, पदाधिकारी और क्षेत्र के रहवासी भी मौजूद रहेंगे।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता का स्वागत

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी आज सुबह नशे के खिलाफ हुई दौड़ में शामिल होने के लिए इंदौर विमानतल पहुंचे तो उनका स्वागत करने भाजपाई सुनील पुरोहित, प्रशांत बड़वे, सुनील प्रजापत, राहुल राज पुरोहित, यश सैनी, सुदीप पाठक, अखिल पुरोहित भी जा पहुंचे। इस पर प्रदीप भंडारी बोले कि



मैं दौड़ में शामिल होने आया हूं, जिस तरह इंदौर स्वच्छता में अव्वल है उसी तरह इंदौर दौड़ में भी अव्वल रहे और इस दौड़ के माध्यम से नशे का त्याग कर युवा सहित सभी देश और दुनिया को संदेश देवे।

महासती को 'मालव चंद्रिका' की उपाधि





इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। महावीर भवन इमली बाजार में महासती डॉ. कुमुदलता म.सा. का अवतरण दिवस बडी संख्या जैन समाजजनों की मौजूदगी में मनाया। पूरा सभागार गुरु गुणगान, मंगलाचरण और जयकारों से गूंज उठा। मंत्रोच्चार के साथ अनुष्ठान हुआ। महासती डॉ. कुमुदलता म.सा. को श्री वर्धमान श्वेतांबर स्थानकवासी जैन श्रावक संघ ने 'मालव चंद्रिका' की उपाधि से अलंकृत किया। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, अचल चौधरी, प्रकाश भटेवरा, दीपक जैन टीनू, डिपिन जैन, हेमन्त बोहरा, अशोक मंडलिक,हनुमान पोरवाल,अशोक भटेवरा, महावीर जैन, दिलीप जैन, रेणु जैन, दीपक भटेवरा, स्वप्निल संचेती, गर्वित बोड़ाना, रोहित जेलमी, सुनीता छजलानी, रेणु जैन, रंजीता जैन, कमलेश मारू, महावीर नाबरिया सहित अन्य मौजूद थे। कलश स्थापना तारादेवी, महावीर-नमिता नाबरिया, पारस-शीतल नाबरिया, तनय, साहिल, जैनम, कनिका ने की। मंगलाचरण श्रुत बहुमंडल ने प्रस्तुत किया। महासती डॉ. कुमुदलता, पदम कीर्ति म.सा. राजकीर्ति म.सा. ने आशीर्वचन भी दिए।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और महामंत्री ने दिया संदेश

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विधायक हेमंत खण्डेलवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर ने कल सेवा दूत अभियान एवं विधानसभा समन्वयक कार्यशाला को संबोधित किया। खंडेलवाल ने कहा कि सभी कार्यकर्ता सेवा दूत अभियान में राष्ट्र प्रथम के भाव को लेकर बूथों पर पहुंचे। सेवा के मिशन को आगे बढ़ाने का कार्य करेगा सेवा दूत अभियान। साथ ही संगठन महामंत्री चंद्रशेखर ने भी रिसोर्ट में आयोजित दोनों सम्भाग के सेवा दूत अभियान में समन्वय कार्यशाला को सम्बोधित किया। सेवा दूत कार्यकर्ताओं को बूथ तक पहुंचने के संदेश दिए गए। साथ ही उन्होने कहा कि कार्यकर्ता राष्ट्र प्रथम के भाव को लेकर बूथों तक पहुंचेंगे। सेवा दूत अभियान भाजपा के सेवा के मिशन को आगे बढ़ाने का कार्य करेगा। भाजपा के लिए राजनीति सेवा का माध्यम है, इसी ध्येय के साथ सेवा दूत कार्य करेंगे। खंडेलवाल ने कहा कि एसआईआर सहित विभिन्न विषयों पर कांग्रेस द्वारा जनता को भ्रमित करने के प्रयासों का तथ्यात्मक जवाब के साथ जनता के बीच पहुंचाना है। कांग्रेस एसआईआर को लेकर गलत नैरेटिव बनाने का कार्य कर रही है। हमें तथ्यों के साथ जनता को सही जानकारी उलपब्ध कराने के साथ कांग्रेस के षड्यंत्रों को बेनकाब करना है। सेवा दूतों के लिए पार्टी के आगामी 25 दिन अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। सेवा दूत औसतन प्रत्येक मंडल में 5 दिन प्रवास कर बूथ स्तर तक पहुंचेंगे। सेवा दूत हर बूथ पर पहुंचकर आयुष्मान भारत, सिकल सेल उन्मूलन, टीबी मुक्त भारत, नशामुक्ति, स्वच्छता और दिव्यांगजनों के सम्मान जैसे अभियानों को व्यापक जनभागीदारी के साथ आगे बढ़ाएंगे।चंद्रशेखर ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार ने जनता के हितों को ध्यान में रखकर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं बनाई हैं। केन्द्र और प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे सेवा, गरीब कल्याण की गतिविधियों को सेवा दूत आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे। सेवा दूत, विधानसभा समन्वयक और आईटी व सोशल मीडिया के हमारे कार्यकर्ता सभी अभियानों को गति देने का कार्य करेंगे। इस दौरान शैलेन्द्र बड़वा, डॉ. निशांत खरे, आलोक संजर, रणवीरसिंह रावत, सुरेन्द्र शर्मा, सुरेश आर्य, भारतसिंह राजपूत, सुमित मिश्रा, श्रवणसिंह चावडा, अनंत पवार सहित अन्य मौजूद थे।



हरसिद्धि क्षेत्र में हुआ बोरिंग

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। विधानसभा 3 के वार्ड 59 हरसिद्धि क्षेत्र में विधायक निधि से बोरिंग कराया गया। अजनेश शुक्ला, पार्षद डॉ. रुपाली अरुण पेंढारकर, संजय कौशिक, दीपेश पचौरी, बबलू राठौर सहित नागरिक भी उपस्थित थे।

फायर सेफ्टी उल्लंघन पर कार्रवाई

6 भवनों एवं प्रतिष्ठानों को किया गया सील

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि



नगर निगम द्वारा अग्नि सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से लगातार निरीक्षण एवं कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में फायर सेफ्टी नियमों का पालन नहीं करने तथा पूर्व में जारी नोटिस के बावजूद आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित नहीं करने वाले भवनों एवं प्रतिष्ठानों के विरुद्ध सीलिंग की कार्रवाई की गई। अपर आयुक्त श्री प्रखर सिंह ने बताया कि जोन क्रमांक 21 अंतर्गत कैफे हाटो सहित 5 दुकानों को पूर्व में जारी नोटिस का पालन नहीं करने पर सील किया गया। इसी प्रकार जोन क्रमांक 12 के वार्ड क्रमांक 65 अंतर्गत प्रोफेसर कॉलोनी एवं भंवरकुआं स्क्वायर क्षेत्र में फायर सेफ्टी मानकों का पालन नहीं करने पर दुबे बॉयज हॉस्टल, श्रीपत हॉस्टल, भाग्यश्री हॉस्टल के किचन और रामबाबू अग्रवाल लाइब्रेरी को सील किया गया।

बार काउंसिल की दोपहर में परीक्षा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

बार काउंसिल ऑफ इंडिया की एआईबीई-22 परीक्षा आज दोपहर 1 बजे से आयोजित की जाएगी, जो शाम 4 बजे तक चलेगी। परीक्षार्थियों को 11.30 बजे से परीक्षा केन्द्रों में प्रवेश दिया जाएगा। इन्दौर अभिभाषक संघ, इन्दौर के पूर्व-अध्यक्ष अभिभाषक गोपाल कचोलिया ने बताया कि वर्ष 2009 के बाद विधि-स्नातक की उपाधि उत्तीर्ण करने वाले व्यक्तियों को विधि-व्यवसाय करने के लिए बार कौंसिल ऑफ इंडिया, नई-दिल्ली द्वारा प्रदान किया जाने वाला विधि-व्यवसाय करने का प्रमाण पत्र (सर्टिफिकेट ऑफ प्रैक्टिस-सीओपी) और सनद प्राप्त करने के लिए अखिल भारतीय बार परीक्षा उत्तीर्ण करना अत्यंत जरूरी है। इस परीक्षा में सम्पूर्ण भारत से डेढ़ लाख से अधिक परीक्षार्थी शामिल होंगे। जिनमें राज्य अधिवक्ता परिषद में अधिवक्ता के रूप में अपना नामांकन करवा चुके नवीन अधिवक्ता, विधि-स्नातक की उपाधि उत्तीर्ण कर चुके व्यक्ति और एल.एल.बी. अंतिम वर्ष के अंतिम सेमेस्टर में अध्ययनरत विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने दी दिवंगतों के यहां श्रद्धासुमन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल और उनके साथ मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, रणवीरसिंह रावत, डॉ. निशांत खरे, सुमित मिश्रा सहित अन्य ने कल पूर्व सांसद नारायण केसरी के निवास पल्हर नगर पर पहुंचकर केसरी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान उनके पुत्र भूपेन्द्रसिंह केसरी भी मौजूद थे। वहीं भाजपा नेता वीरेन्द्र व्यास के निवास पर पहुंचकर वहां भी श्रद्धासुमन अर्पित किए गए।



फूटी पाइप लाइन से बह गया पानी

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। मधुमिलन चौराहा से छावनी की ओर जाने वाले मार्ग पर काम के दौरान पाइप लाइन फूट गई। प्रेशर के साथ कई गेलन पानी बह निकला।



कमलकार मंच ने किया आयोजन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। कलमकार मंच द्वारा कवि सम्मेलन अभिनव कला समाज सभागृह में आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संचालन सत्येन वर्मा ने किया। दिलीप राजपाल, प्रवीण खारीवाल, किशन भालसे, महेश हलदर, डॉ. अब्दुल गफ्फार, पंकज वीरमाल सहित अन्य मौजूद थे।

प्रभारी बनने के बाद पहली बार इंदौर आएंगे काश्यप

भाजपा कार्यालय भी जाएंगे, कई अन्य कार्यक्रमों में भी करेंगे शिरकत

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

मंत्री चेतन्यकुमार काश्यप आज दोपहर में इंदौर आएंगे। वे शहर में कई कार्यक्रमों में भाग लेंगे, जिसके बाद रात को भोपाल के लिए रवाना होंगे। वे सड़क मार्ग से रतलाम से इंदौर शाम 4.30 बजे आएंगे। काश्यप लाभ गंगा गार्डन में चल रहे प्लास्ट पेक में शामिल होंगे। इसके बाद भाजपा कार्यालय पहुंचेंगे, जहां वे संवाद करेंगे और शहर के नेता, कार्यकर्ताओं से मुलाकात भी करेंगे, इसकी बाद निजी कार्यक्रम में शामिल होकर भोपाल के लिए रवाना होंगे। उल्लेखनीय है कि मंत्री काश्यप का इंदौर से पुराना नाता रहा है। वे कई वर्षों तक इंदौर में रहे हैं। हालांकि तीन दिन पूर्व ही उन्हें इंदौर का प्रभारी मंत्री बनाया गया है। इंदौर का प्रभार मिलने के बाद पहली बार वे आ रहे हैं। भाजपा कार्यलय पर उनके स्वागत की तैयारियां की जा रही है।

जिले के सभी 114 छात्रावासों का होगा नियमित निरीक्षण



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। कलेक्टर शिवम वर्मा ने जिले में 'अभिलाषा अभियान' प्रारंभ किया है। अभियान के तहत जिले के सभी 114 छात्रावासों का नियमित निरीक्षण किया जाएगा। इसके लिए जिला अधिकारियों को निरीक्षणकर्ता के रूप में दायित्व सौंपे गए हैं। अधिकारी निर्धारित बिंदुओं के आधार पर छात्रावासों का निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट ऑनलाइन प्रस्तुत करेंगे। इस संबंध में कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय में कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में निरीक्षणकर्ता अधिकारियों एवं छात्रावास अधीक्षकों को अभियान के उद्देश्यों, निरीक्षण प्रक्रिया तथा व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तार से दिशा-निर्देश दिए गए। कलेक्टर वर्मा ने कहा कि अधिकारी छात्रावासों में विद्यार्थियों से नियमित संवाद करें, उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं को संवेदनशीलता से सुनें तथा उनका समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करें। विद्यार्थियों को करियर काउंसलिंग की सुविधा उपलब्ध कराने के साथ ही उनकी व्यक्तिगत समस्याओं पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारी विद्यार्थियों से अभिभावक की तरह संवाद करें और ऐसी व्यवस्थाएं विकसित करें, जिससे घर से दूर रहकर भी बच्चों को छात्रावास में घर जैसा वातावरण और अपनत्व का अनुभव हो। छात्रावास में गुणरत्तापूर्ण नाश्ता और भोजन उपलब्ध रहे। खाद्यान्न सामग्री का भंडारण भी रहे। सफाई व्यवस्था भी ठीक रहे इस पर भी ध्यान दिया जाए। छात्रावास में सुरक्षा के साथ आधारभूत सुविधाएं भी रहे।

नर्मदा-गंभीर लिंक योजना से तालाब भरने को एनवीडीए की मंजूरी

जल संकट से निपटने के लिए मिलेगी बड़ी राहत- महापौर

19 फीट क्षमता वाले यशवंत सागर में अभी करीब 15 फीट पानी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

गर्मियों में संभावित जलसंकट से निपटने के लिए नगर निगम ने यशवंत सागर को नर्मदा के पानी से भरने की तैयारी कर ली है। 15 जनवरी से नर्मदा-गंभीर लिंक योजना के जरिए यशवंत सागर में पानी छोड़ा जाएगा। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि नगर निगम के प्रस्ताव को नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण (एनवीडीए) ने मंजूरी दे दी है। इंदौर के पास नर्मदा-गंभीर लिंक परियोजना से यशवंत सागर तक एनवीडीए की पाइपलाइन डाली गई है। इसी लाइन से तालाब में पानी पहुंचाया जाएगा। कम बारिश के कारण इस बार तालाब का जलस्तर लगातार घट रहा है। ऐसे में जनवरी-फरवरी में तालाब को भरने की योजना से गर्मियों में पश्चिमी क्षेत्र की जलापूर्ति को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

19 फीट क्षमता, अभी करीब 15 फीट पानी

यशवंत सागर की जल संग्रहण क्षमता 19 फीट है। फिलहाल इसमें करीब 15 फीट पानी है। तालाब से रोजाना पानी निकाला जा रहा है, जिससे आने वाले दिनों में जलस्तर और घटने की आशंका है। यशवंत सागर से पश्चिमी इंदौर की छह प्रमुख पानी की टंकियों के माध्यम से रहवासी क्षेत्रों में जलप्रदाय किया जाता है। पूर्व में प्रकाशित रिपोर्टों के मुताबिक तालाब से करीब 30 एमएलडी पानी की आपूर्ति होती है। कम बारिश के कारण इस बार पश्चिमी क्षेत्र के करीब डेढ़ लाख घरों में गर्मियों के दौरान पानी की उपलब्धता प्रभावित होने की आशंका जताई गई थी।

बिलावली तक पानी पहुंचाने का प्रस्ताव तकनीकी रूप से संभव नहीं

नगर निगम ने बिलावली तालाब को भी नर्मदा के पानी से भरने की योजना पर विचार किया था। इसके लिए तकनीकी सर्वे कराया गया। महापौर के मुताबिक सर्वे रिपोर्ट में सामने आया कि बिलावली तक पानी पहुंचाने के लिए नया स्ट्रक्चर खड़ा करना होगा और पाइपलाइन डालनी पड़ेगी। राऊ तालाब से बिलावली तक पानी पहुंचाने के विकल्प पर भी विचार हुआ, लेकिन विशेषज्ञों ने इसे फिलहाल व्यावहारिक नहीं माना। परियोजना की लागत अधिक होने और पानी का दबाव कम रहने की आशंका के चलते अभी इस पर काम नहीं किया जाएगा। पूर्व में भी बिलावली तालाब को नर्मदा-गंभीर लिंक के माध्यम से भरने की संभावना पर विचार किया गया था, लेकिन इसके लिए विस्तृत तकनीकी परीक्षण जरूरी बताया गया था।

15 जनवरी से पानी छोड़ने की तैयारी : नर्मदा-गंभीर लिंक परियोजना से यशवंत सागर में पानी पहुंचाया जाएगा।

एनवीडीए की मंजूरी : नगर निगम के प्रस्ताव को नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण ने स्वीकृति दी है।

19 फीट क्षमता : यशवंत सागर की अधिकतम क्षमता 19 फीट है, वर्तमान जलस्तर करीब 15 फीट।

पश्चिमी क्षेत्र को राहत : यशवंत सागर से पश्चिमी क्षेत्र की छह प्रमुख टंकियों के माध्यम से पानी सप्लाई होता है।

बिलावली योजना फिलहाल स्थगित : तकनीकी जटिलता, पाइपलाइन और स्ट्रक्चर की लागत तथा पानी के कम दबाव के कारण योजना आगे नहीं बढ़ाई जाएगी।

6.5 करोड़ रुपए से 3 स्थानों पर बनेंगे चार्जिंग स्टेशन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। इंदौर की सिटी बस कंपनी के द्वारा प्राइवेट सेक्टर को पार्टनर बनाकर शहर में तीन स्थानों पर चार्जिंग स्टेशन बनाए जाएंगे। इन स्टेशनों को बनाने में 6.5 करोड़ रुपए खर्च होंगे। सिटी बस कंपनी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अर्थ जैन ने बताया कि पिछले काफी समय से शहर में चार्जिंग स्टेशन की आवश्यकता महसूस की जा रही है। अब बड़ी संख्या में इंदौर शहर में इलेक्ट्रिक बसें चलनी शुरू हो गई हैं। इसके साथ ही इंदौर से दूसरे शहरों के लिए भी इलेक्ट्रिक बसों का संचालन किया जा रहा है। ऐसे में इन बसों के लिए चार्जिंग स्टेशन की आवश्यकता महसूस की जा रही है। इस आवश्यकता की पूर्ति के लिए प्राइवेट सेक्टर की पार्टनरशिप से इंदौर शहर में तीन स्थानों पर इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन बनाने का फैसला लिया गया है। इसमें चंदन नगर में करीब 2 करोड़ रुपए की लागत से यह स्टेशन बनाया जाएगा जबकि रसोमा चौराहे के पास में 2.5 करोड़ रुपए की लागत से चार्जिंग स्टेशन का निर्माण किया जाना है। इसके साथ ही रिंग रोड पर वेलोसिटी टॉकीज के पास भी 2 करोड़ रुपए की लागत से यह स्टेशन बनाया जाना है। इन सभी स्थानों पर स्टेशन का निर्माण करने में 5 महीने का वक्त लगेगा। यह कार्य प्राइवेट सेक्टर की पार्टनरशिप से किया जाना है। इसके तहत प्राइवेट प्लेयर के द्वारा चार्जिंग स्टेशन के निर्माण में खर्च होने वाली राशि लगाई जाएगी। जब चार्जिंग स्टेशन बनकर तैयार हो जाएगा तो फिर इसका संचालन करते हुए चार्जिंग के लिए आने वाली बसों से शुल्क लेकर निजी क्षेत्र के पार्टनर द्वारा अपनी लागत निकाली जाएगी।

4 उद्योगों पर निगम ने लगाया 3.60 लाख का जुर्माना



इन उद्योगों से गंदा पानी खुले में छोड़ा जा रहा था

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। इंदौर नगर निगम के द्वारा चार उद्योगों पर 3.60 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। इन उद्योगों के द्वारा केमिकल वेस्ट का गंदा पानी खुले में छोड़ने का काम किया जा रहा था।

अपर आयुक्त प्रखर सिंह ने बताया कि झोन क्रमांक 17 के वार्ड क्रमांक 19 अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्र के सेक्टर-सी एवं सेक्टर इ में निरीक्षण के दौरान अनुपचारित जल एवं ईटीपी से संबंधित नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर चार औद्योगिक इकाइयों के विरुद्ध स्पॉट फाइन की कार्रवाई की गई। निरीक्षण के दौरान संबंधित कंपनियों द्वारा ईटीपी का संचालन नहीं करने अथवा सीवर एवं अनुपचारित जल सीधे नाले में प्रवाहित किए जाने की स्थिति सामने आई। यहां पर नेहा प्लास्टिक कंपनी में ईटीपी प्लांट बंद पाए जाने एवं पानी नाले में प्रवाहित किए जाने पर 1 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। द वरुण फूड्स, सेक्टर इ में ईटीपी फ्लो मीटर बंद पाए जाने पर 60 हजार रुपये का जुर्माना किया गया। श्रीराम इंडस्ट्रीज में ईटीपी प्लांट नहीं होने पर 1 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। रमेश टेक्सटाइल्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, सेक्टर-सी में सीवर का पानी सीधे नाले में छोड़े जाने पर 1 लाख रुपये का जुर्माना किया गया है। इस प्रकार चारों औद्योगिक इकाइयों पर कुल 3 लाख 60 हजार रुपये का स्पॉट फाइन किया गया। कार्रवाई के दौरान संबंधित कंपनियों के पानी के पाइप आउटलेट बंद कराए गए तथा सभी इकाइयों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए। सिंह ने बताया कि संबंधित कंपनियों को स्वीकारोक्ति शपथ पत्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही चालान की छायाप्रति एवं ईटीपी से संबंधित आवश्यक दस्तावेजों की छायाप्रति सहित सोमवार तक आयुक्त के समक्ष उपस्थित होने के लिए कहा गया है।

तापमान तो बढ़ गया लेकिन हवा तेज होने से लग रही है ठंड

मौसम में बदलाव का सिलसिला लगातार बना हुआ है

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

पिछले 24 घंटे में इंदौर का तापमान तो बढ़ गया है लेकिन हवा तेज होने के कारण लोगों को तेज ठंड का एहसास होता रहा। मौसम में बदलाव का यह सिलसिला लगातार बना हुआ है।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटे के दौरान इंदौर के तापमान में अपेक्षाकृत रूप से वृद्धि हुई है। अधिकतम तापमान हो या न्यूनतम तापमान हो दोनों ही तापमान बढ़ गए हैं। ऐसे में ठंड भी कम हो जानी चाहिए लेकिन हवा का दबाव ज्यादा बढ़ जाने के कारण ठंड का एहसास बना हुआ है। दोपहर के समय पर धूप में वह तेजी भी नहीं है जो कि हमेशा मौजूद रहती है। इसी के कारण ठंड लोगों को हल्की और ज्यादा महसूस हो रही है। मौसम विशेषज्ञ ने बताया कि पिछले 24 घंटे में इंदौर का अधिकतम तापमान 29.9 डिग्री सेल्सियस रहा है, जो कि सामान्य तापमान से 1 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। इसके साथ ही न्यूनतम तापमान 12.5 डिग्री सेल्सियस रहा है, जो कि सामान्य तापमान से 1 डिग्री सेल्सियस कम है। शहर में 21 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चली है। कल के पूर्व तक हवा की यह गति 15 किलोमीटर प्रति घंटा पर थी। इस तरह से हवा की गति बढ़ जाने के कारण ठंड का एहसास भी बढ़ गया है। आज सुबह शहर का तापमान 19 डिग्री सेल्सियस रहा है। पिछले दो-तीन दिन से सुबह के समय पर यह तापमान 17 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहता था। इस तरह से सुबह के समय के तापमान में भी वृद्धि दर्ज की जा रही है।





चंदननगर सब्जी मंडी में कम ही पहुंचे व्यापारी

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। फूटीकोठी-द्वारकापुरी सब्जी मंडी हटाकर चंदननगर के समीप स्कीम नं. 71 में यह सब्जी मंडी भेजी गई है, यहां अभी सभी व्यापारियों का मन पहुंचने के लिए नहीं बना है। आज सुबह भी गिनती के सब्जी व्यापारी जिनमें खासतौर से आलू-प्याज बेचने वाले व्यापारी थे, कुछ फल के ठेले भी थे। इन व्यापारियों को जितनी उम्मीद थी कि आज रविवार सुबह भीड़ सब्जी और फल की खरीदने आएंगी वैसा भी देखने को नहीं मिला। कुल मिलाकर सब्जी मंडी जैसा माहौल नजर नहीं आया। उम्मीद है कि कल से नए सप्ताह में कुछ और नए व्यापारी इस सब्जी, फल मंडी में जुड़ गए।

गरीब हितग्राहियों के नाम पर दूसरों के घर बंधी मिलीं भैंसें!

शिकायत के एक माह बाद भी कार्रवाई नहीं

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। मुख्यमंत्री डेयरी प्लस योजना में इंदौर जिले के चारों विकासखंडों में गंभीर अनियमितताओं एवं कथित भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। भारतीय किसान एवं मजदूर सेना (अ) के अध्यक्ष बबलू जाधव ने सूचना के अधिकार से प्राप्त जानकारी एवं हितग्राहियों के घर-घर जाकर किए गए सत्यापन के आधार पर पशुपालन विभाग के उपसंचालक को लिखित शिकायत सौंपकर जाँच की मांग की है। बबलू जाधव ने बताया कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के हितग्राहियों के नाम पर भैंसें खरीदी जाना दर्शाया गया, लेकिन कई मामलों में भैंसें वास्तविक हितग्राहियों के घरों के बजाय अन्य प्रभावशाली व्यक्तियों के घरों पर बंधी होने की जानकारी मिली है। कई हितग्राहियों के घर भैंसें नहीं मिलीं। इसके अलावा मोबाइल नंबरों में कथित हेरफेर एवं एक ही परिवार में दो-दो लोगों को लाभ देने के मामलों की भी जाँच जरूरी है। शिकायत के एक माह बाद भी कार्रवाई नहीं की गई। जाधव ने कहा कि उपसंचालक पशुपालन विभाग इंदौर को शिकायत सौंपे एक माह से अधिक समय हो चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई है। विभाग की चुप्पी से आशंका उत्पन्न हो रही है कि कहीं मामले को दबाने और जिम्मेदार लोगों को बचाने का प्रयास तो नहीं किया जा रहा है। संगठन ने मांग की है कि चारों विकासखंडों के सभी हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन कर पशुओं की खरीद, भुगतान, बीमा, टैगिंग एवं मोबाइल नंबरों के रिकॉर्ड की निष्पक्ष जाँच कराई जाए तथा दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए, सरकारी राशि का जो दुरुपयोग हुआ है उसे भी संबंधित से वसूली जाए। शीघ्र जांच और कार्रवाई नहीं होने पर बबलू जाधव ने आंदोलन की चेतावनी दी है।

नशे के खिलाफ दौड़ा इंदौर

मैराथन रन को मिला जनता का समर्थन

हजारों लोगों ने 10 कि. मी, 5 कि.मी. और 3 कि.मी. के लिए लगाई दौड़





इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

आज रविवार को आयोजित की गई मैराथन रन में नशे के खिलाफ इंदौर दौड़ पड़ा। हजारों लोगों ने 10 किलोमीटर, 5 किलोमीटर और 3 किलोमीटर की दूरी दौड़ते हुए तय की। लगातार दूसरे वर्ष आयोजित की गई इस मैराथन रन को जनता का जोरदार समर्थन मिला। इस दौड़ का समापन इंदौरी पोहे के साथ हुआ।

शहर में फिटनेस, स्वस्थ जीवनशैली, जल संरक्षण और नशामुक्ति के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से हजारों इंदौर वासियों ने 'वन इंदौर रन इंदौर' मैराथन में सहभागिता की। यूनाइटेड इंदौर के बैनर तले महापौर पुष्यमित्र भार्गव के नेतृत्व में लगातार दूसरे वर्ष आयोजित हुई इस मैराथन में 20 हजार से अधिक धावकों ने भागीदारी की। मैराथन का शुभारंभ दशहरा मैदान से हुआ जहां मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वर्चुअल माध्यम से प्रतिभागियों को संबोधित किया।

मैराथन में कैबिनेट मंत्री तुलसीराम सिलावट, नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, जिला अध्यक्ष श्रवण चौहान, विधायक रमेश मेंदोला, महेंद्र हार्डिया, एमआईसी सदस्य एवं पार्षदगण सहित इंदौर पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह, जिला कलेक्टर शिवम वर्मा, निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।



आयोजन में 10 किलोमीटर में 3000 पेशेवर और अनुभवी धावकों ने प्रतिभागिता की। इसके अतिरिक्त 5 किलोमीटर में 8700 और 3 किलोमीटर में फैमिली रन होने के चलते लगभग 5500 प्रतिभागियों ने शिरकत की। वहीं बिना रजिस्ट्रेशन के पहुंचने वाले प्रतिभागी भी बड़ी संख्या में शामिल रहे। मैराथन में दिल्ली, मुंबई, राजस्थान और मध्यप्रदेश के विभिन्न शहरों से प्रतिभागियों ने सहभागिता की। मैराथन की शुरुआत से पहले योगा सेशन, जैमिंग एवं जुम्बा आयोजित किया गया, जिसमें मैराथन के प्रतिभागियों ने भागीदारी की। इस मैराथन में 10 किलोमीटर की दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले धावक को 15 हजार रुपए और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को 10 हजार रुपए का पुरस्कार दिया गया, वहीं 5 और 3 किलोमीटर की श्रेणियों में भी विनर प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कार एवं मेडल दिए गए। मैराथन खत्म होने के बाद प्रतिभागियों को इंदौर के पोहा का स्वल्पाहार वितरित किया गया। मैराथन की खास बात यह रही कि रजिस्ट्रेशन करने वाले प्रतिभागियों को जिस बैग में मैराथन सामग्री दी गई थी वो बैग वेस्ट कपड़ों से तैयार किया गया था।

किसने क्या कहा- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि स्वास्थ्य, ऊर्जा और जल संरक्षण को लेकर फिट इंडिया खेलो इंडिया के माध्यम से अत्यंत आवश्यक है। फिटनेस को जल संरक्षण से जोड़ने के लिए इंदौर को शुभकामनाएं। सीएम ने कहा कि किसी भी प्रकार के जल संकट में सरकार कदम से कदम मिलाकर आपके साथ खड़ी है। नशे को कहें न, फिटनेस को कहें हां। नशा मुक्ति और जल संरक्षण को लेकर इंदौर एक उदाहरण है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वन इंदौर रन इंदौर के प्रतिभागियों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई। कैबिनेट मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि वन इंदौर संकल्प सिर्फ महापौर का नहीं सरकार का है। जल की एक-एक बूंद की बचत करनी है। जल हमारी आस्था का प्रतीक है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि इंदौर की जनता ही है जो इंदौर को नंबर वन स्वच्छता में लाई है और अब जल संरक्षण और नशा मुक्त भारत के संकल्प को आगे लेकर बढ़ रहा है। जैसे स्वच्छता में इंदौर सिरमौर बना है वैसे ही अब जल संरक्षण और नशा मुक्त भारत बनाने में इंदौर शीर्ष पर होगा।



आदिवासी, किसान, खेत मजदूर, कार्यकर्ताओं ने दिया ज्ञापन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। संयुक्त किसान मोर्चा ने राष्ट्रपति के नाम सम्भाग आयुक्त कार्यालय पर आदिवासी, किसान, खेत मजदूर, कार्यकर्ताओं द्वारा संवैधानिक अधिकारों की रक्षा को लेकर प्रदर्शन किया। सभा का आयोजन भी गांधी हाल प्रांगण में किया गया और आयुक्त कार्यालय में ज्ञापन भी दिया गया। काशीराम नायक, चुन्नी भूरिया, अरुण चौहान, कैलाश लिम्बोदिया, सीएल सर्वावत, सोनू शर्मा, कन्हैयालाल भूरिया, रामकुंअर देवी, संतोष भील, सीताराम अहिरवार, अरुण चौहान सहित अन्य मौजूद थे।

सदर बाजार से किला मैदान तक की सड़क जल्द हो पूर्ण

कंडिलपुरा के पेड़ों को ट्रांसप्लांट किया जाए

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने कल मास्टर प्लान सड़क निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया था। सदर बाजार से गुटकेश्वर महादेव मंदिर के मध्य निर्माणाधीन सड़क का भी निरीक्षण किया और कहा कि पुलिया को छोड़कर शेष काम 15 जनवरी तक किसी भी हालत में पूर्ण कर लिए जाए। निर्माण काम में तेजी लाने के निर्देश दिए। आयुक्त द्वारा किला मैदान तिराहे से जिंसी चौराहे तक तथा जिंसी चौराहे से नेमीनाथ चौराहे तक मास्टर प्लान के अंतर्गत किए जा रहे



सड़क निर्माण कार्यों का मौके पर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि नेमीनाथ चौराहे से जिंसी चौराहे तक फुटपाथ निर्माण कार्य को छोड़कर शेष सड़क निर्माण कार्य आगामी 20 दिसंबर तक अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाए। इसी क्रम में आयुक्त श्री सिंघल द्वारा कंडिलपुरा से टाटा स्टील चौराहे के मध्य प्रस्तावित सड़क निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने सड़क निर्माण में बाधक पेड़ों का नियमानुसार ट्रांसप्लांटेशन कराने तथा निर्माण कार्य में बाधक विद्युत पोलों की शिफ्टिंग शीघ्र सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस दौरान अधिकारी अभय राजनगांवकर, पीएस कुशवाह, नरेश जायसवाल भी मौजूद रहे।

लेंटर्न और इन्द्रप्रस्थ चौराहा की रोटरी छोटी होगी

बंगाली चौराहा और पिपलियाहाना चौराहे पर अंडरपास के माध्यम से यू-टर्न की सुविधा होगी

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने यातायात के दबाव को कम करने और सुगम आवागमन के लिए प्रमुख चौराहों का निरीक्षण किया। लेंटर्न चौराहा और इन्द्रप्रस्थ चौराहा की रोटरी और आइलैंड को छोटा करने के निर्देश दिए। डिवाइडर का आकार भी परिवर्तित कर यातायात सुगम करने के निर्देश दिए। इन्द्रप्रस्थ चौराहा पर दो डिवाइडर का आकार बढ़ाने के निर्देश भी दिए। यहां जेबरा क्रांसिंग के आकार को भी स्पष्ट करने के निर्देश दिए। खजराना से आने वाले चालकों के लिए बंगाली चौराहा और पिपलियाहाना चौराहे पर अंडरपास के माध्यम से यू-टर्न की सुविधा होगी। खजराना से आते समय बंगाली चौराहा और पिपलियाहाना चौराहे पर यू टर्न के लिए चौराहे पर नहीं जाना होगा, यू टर्न अंडरपास से ही हो जाएगा। इस दौरान अधिकारी अभय राजनगांवकर, पीएस कुशवाह, मयंक त्रिपाठी मौजूद थे। पिपलियाहाना चौराहा के समीप एमपीईबी के माध्यम से प्राप्त शासकीय भूमि पर लेफ्ट टर्न निर्माण से संबंधित कार्य शीघ्र और तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही चौराहे पर आईटीएमएस के अंतर्गत लगाए गए एक अनुपयोगी पोल के कारण नागरिकों को आवागमन में हो रही असुविधा को देखते हुए संबंधित अधिकारियों को उक्त पोल हटाने के निर्देश दिए गए। रेडिसन चौराहा पर हीरोस की आकृति के समीप लगे यूनिपोल के कारण यातायात बाधित हो रहा था उस यूनिपोल को तत्काल हटाने के निर्देश दिए।

पद्मावती वेंकटेश भगवान को लगे छप्पन भोग





इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। श्री पद्मावती वेंकटेश देवस्थान विद्या पैलेस कॉलोनी एरोड्रम रोड पर कल अन्नकूट महोत्सव के अन्तर्गत भगवान का विशेष श्रृंगार छप्पन भोग लगाए। श्रद्धालुओं ने श्रृंगार और छप्पन भोग दर्शन किए, महाआरती भी की गई और श्रद्धालुओं ने अन्नकूट प्रसादी ग्रहण की। देर रात तक भजन, कीर्तन चलते रहे। मंदिर परिसर में मनाई रंगोली को भी श्रद्धालुओं ने निहारा। मनोहर सोनी, राम हुरकट, कालू सारडा, नितिन तापड़िया, महेश राठी गुड्डा, दिनेश अग्रवाल, भगवानदास हेडा, कैलाश जोशी, अक्षय काबरा, गिरीश कश्यप, बंशीधर सोमानी राजेंद्र मंत्री, राजा लड्ढा, मोहित कश्यप, प्रदीप साबू, बलराम समदानी, पदमा सोनी, सरला हेड़ा, राम काबरा, रामकिशन साबू, नारायण मालानी सहित अन्य आयोजन से जुड़े रहे।



सिमंधर स्वामी मंदिर में हुआ ध्वजारोहण

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। श्री सिमंधर स्वामी मंदिर गुमाश्ता नगर में वार्षिक ध्वजारोहण समारोह साध्वी भगवंत दिव्य द्रष्टा म.सा. आदि ठाणा की निश्रा में आयोजित किया गया। सुधीर सेठिया, नरेन्द्र भटेवरा, महेन्द्र बागवाला, धरमचंद वोहरा, नरेन्द्र कुक्षीवाला, अभय जैन, पुखराज पगारिया, शैलेंद्र कुक्षीवाला, शैलेष शाह भी उपस्थित थे। महिला मंडल ने भी अपनी भूमिका निभाई, वात्सल्य भोज भी किया गया।



मूसाखेड़ी ब्रिज का नाम ज्योतिबा फुले रखा जाए

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। सत्यशोधक समाज अंतर्राष्ट्रीय एवं संयुक्त माली समाज महासंघ के तत्वावधान में मूसाखेड़ी चौराहा स्थित प्रतिमा स्थल पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। महात्मा ज्योतिबा फुले के सम्मान में मूसाखेड़ी ब्रिज का नाम ज्योति बा फुले रखने की मांग कल कार्यक्रम के दौरान तेज की गई, ज्योति बा फुले अमर रहे के नारे भी गुंजाए गए। हुकुमचंद जादम सैनी, सदाशिव यादव काका, नितेश राजौरिया, पूनमचंद माली, रामचंद्र सैनी, विष्णु वर्तुने, रमेशचंद्र आसिरवाल, डॉ. रघुवीर सैनी, भैयालाल कोमेकर, रामदास महाजन, मौजूद थे।

जैन समाज के 150 प्रत्याशियों ने मंच से दिया परिचय



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। रविन्द्र नाट्यगृह में दो दिवसीय अ.भा. सर्व दिगंबर जैन युवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन दिगंबर जैन परवार सभा के संयोजन में कल शुरू हुआ था जो आज भी जारी है। परिचय सम्मेलन में 150 प्रत्याशियों ने मंच से परिचय दिया। राजेश जैन ने बताया कि मंगलाचरण के बाद यह परिचय सम्मेलन शुरू हुआ था। परिणय मिलन पत्रिका का विमोचन भी किया गया। राकेश जैन चेतक, अनिल रावत, मनीष नायक, पार्षद राजीव जैन, महेन्द्र सिंघई, राजीव जैन बीड़ीवाले, विमल सिंघई, अशोक जैन, अखिलेश सिंघई, राजीव जैन बंटी, संदीप जैन गिन्नी, अनिल जैन सप्पु सुदीप जैन, अनिल जैनको, विपिन लुहाड़िया, सुरेंद्र जैन, प्रद्युम्न जैन, बिंदु जैन, रितिका जैन, सतीश डबडेरा, योगेश सरदार मल, डॉ. जैनेंद्र जैन, प्रदीप जैन, बल्ला हेमंत मोदी, डीके जैन, देवेंद्र जनता, आशीष जैन सूतवाले सहित अन्य मौजूद थे। आज भी सम्मेलन जारी है।



कवि सम्मेलन और मुशायरा में प्रस्तुतियां

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। जालसभागृह में परिचर्चा, कवि सम्मेलन और मुशायरे का आयोजन में प्रस्तुतियां दी गई। सूफी गायन का लुत्फ भी श्रोताओं ने लिया। कार्यक्रम में सांसद शंकर लालवानी, कालूराम बामणिया, संजय पटेल, हेमंत गट्टाणी, अशरफ गौरी, मदन मोहन दानिश, मीनाक्षी पुराणिक, अभिषेक तिवारी, डॉ. कीर्ति गौड़ की मौजूदगी थी। वहीं मदन मोहन दानिश, महेंद्र सिंह सिकरवार 'समीर', नुसरत मेंहदी, शाहिद अंजुम, अमन अक्षर, श्लेष गौतम, शशिकांत यादव, सतलज राहत, दानबहादुर सिंह, प्रशांत सिंह ने अपनी रचनाएं प्रस्तुति की।

कुमार सिद्धार्थ की पुस्तक का लोकार्पण आज शाम

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। संस्था सेवा सुरभि के संस्थापक सदस्य, सामाजिक कार्यकर्ता और लेखक कुमार सिद्धार्थ की पुस्तक प्रकृति का भविष्य, भविष्य का समाज का लोकार्पण आज शाम 4 बजे से टैगोर मार्ग स्थित म.भा. हिंदी साहित्य समिति के सभागृह में होगा। इस दौरान ओमप्रकाश नरेडा, अनिल त्रिवेदी, डॉ. ओपी जोशी, प्रो. चेतन सोलंकी, पद्मश्री भालू मोंढे, डॉ. खुशहालसिंह पुरोहित सहित अन्य भी मौजूद रहेंगे।



अग्रवाल समाजजनों ने लगाया स्वास्थ्य शिविर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

अग्रवाल समाजजनों की मौजूदगी में सूठी बाई दौलतराम छावछरिया पारमार्थिक ट्रस्ट ने केबीसी हेल्थ सेंटर के चिकित्सकों ने स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। शिविर में 472 मरीजों का परीक्षण, 78 का चयन मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनीत किया गया, जिनके ऑपरेशन अरबिन्दो अस्पताल में होंगे। सांसद शंकर लालवानी, समाजसेवी विनोद अग्रवाल, कुलभूषण मित्तल कुक्की, पवन सिंघानिया, टीकमचंद गर्ग, दिनेश मित्तल, विष्णु बिंदल, एसएन गोयल, बालकिशन छापछरिया, डॉ. आरके गौड़ सहित अन्य आयोजन में मौजूद रहे।

अखंड परमधाम आश्रम पर तीन दिवसीय सत्संग



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। खंडवा रोड स्थित अखंड परमधाम आश्रम पर युगपुरुष स्वामी परमानंद गिरि महाराज के सानिध्य में तीन दिवसीय सत्संग का शुभारंभ किया गया। परमानन्दगिरि महाराज ने सार्थक उद्बोधन भी अखंड परमधाम सेवा समिति के तत्वावधान में तीन दिवसीय सत्संग के शुभारंभ सत्र में व्यक्त किए। विजय शादीजा, किशनलाल पाहवा, राजेश अग्रवाल, मुकेश राजानी, श्यामलाल मक्कड़, विष्णु कटारिया, अशोक गोयल सहित अन्य मौजूद थे। आयोजन आज भी जारी है।

आचार्य की राम वनगमन पथ की यात्रा



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। वर्ष 1995 में चित्रकूट से पंचवटी तक 1100 किमी की पदयात्रा कर राम वन यात्रा शोध संस्था के प्रमुख और प्रख्यात चित्रकार अरविन्द आचार्य अब इस यात्रा के दूसरे चरण में वे बागली के निकट जटाशंकर से ओखलेश्वर धाम होते हुए फिर से पंचवटी पहुंचेंगे। पहले यह पैदल यात्रा तीन माह में पूरी हुई थी लेकिन अब यह यात्रा वाहन से रुक-रूककर करने से पहले के मुकाबले अधिक समय में पूरी होगी। चित्रकार जहां-जहां पहुंच रहे हैं वहां पानी पर भगवान के चित्र बना रहे हैं जो आकर्षण का केन्द्र बन रहे हैं।

बागड़ी सदन पर पुष्पांजलि आयोजन होगा

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। समाजसेवी रहे रमेशचन्द्र अग्रवाल की जयंती 30 नवम्बर को दोपहर 2 बजे बागड़ी सदन छावनी में पुष्पांजलि का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। अग्रवाल और वैश्य संगठन के पदाधिकारी पुष्पांजलि कार्यक्रम में शामिल होंगे। अरविंद बागड़ी ने बताया कि रमेश अग्रवाल के जन्मोत्सव को इस बार भी प्रेरणा उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है।

समाजसेवी आरएल माहेश्वरी का निधन



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। माहेश्वरी समाज के पदाधिकारी रहे समाजसेवी सीए आरएल माहेश्वरी का आज सुबह निधन हो गया वे सीए सुनील माहेश्वरी, सीए सुनीता आगाल के पिताजी थे। आज उनकी अंतिम यात्रा दोपहर 1 बजे स्कीम नं. 74 विजय नगर स्थित निवास से निकलकर सयाजी मुक्तिधाम जाएगी। वे समाज के कई पदों पर रहकर समाजसेवा दे चुके हैं। अभी पश्चिमांचल प्रादेशिक ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष भी थे। माहेश्वरी के निधन पर माहेश्वरी समाज के कई पदाधिकारी और समाजजनों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए हैं।

कॉलेज ऑफ लॉ के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने लिया आयोजन में भाग



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

संविधान दिवस के अवसर पर कॉलेज ऑफ लॉ, आईपीएस अकेडमी में संविधान के प्रति जागरूकता एवं सम्मान की भावना विकसित करने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत के संविधान की प्रस्तावना के सामूहिक वाचन के साथ हुआ, जिसमें विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने एक साथ संविधान की प्रस्तावना का पाठ कर उसके मूल आदर्शों एवं मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। साथ ही, विद्यार्थियों को भारतीय संविधान के विभिन्न पहलुओं, मौलिक अधिकारों, कर्तव्यों एवं संवैधानिक मूल्यों से परिचित कराने के लिए 'अपने संविधान को जानो' अभियान संचालित किया गया।



छात्राओं को बायोस्टैटिस्टिक्स पर प्रशिक्षण

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। माता जीजाबाई शासकीय कन्या महाविद्यालय में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार द्वारा वित्तपोषित परियोजना के अंतर्गत 'बायोस्टैटिस्टिक्स' विषय पर एक दिवसीय व्याख्यान एवं प्रायोगिक प्रशिक्षण आयोजित किया गया। डा. पूजा शर्मा ने 150 छात्राओं को प्रशिक्षण दिया। प्राचार्य डॉ. के.पी. साहू, डॉ. सरोज महाजन, डॉ. अशोक सचदेवा, डॉ. अरुणा कुसमाकर, डॉ. पुष्पा जैन, डॉ. प्रतिमा यादव, डॉ. शरदसिंह लोधी, डॉ. सरोज महाजन, प्रो. अनिता गंगाडे ने अपनी भूमिका निभाई।



वाद-विवाद स्पर्धा आयोजित

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

अभिनव कला समाज परिसर में हुई इंटर स्कूल वाद विवाद स्पर्धा में छात्रों ने तर्क रखें। नौशाद फाउंडेशन, स्टेट प्रेस क्लब और राहत इंदौरी फाउंडेशन की मेजबानी में 'जन आंदोलन लोकतंत्र की मजबूती के लिए जरूरी' विषय पर हुई इस डिबेट प्रतियोगिता आयोजित की गई। 24 स्कूलों के छात्रों ने पक्ष-विपक्ष में तर्क दिए। जनआंदोलन का मुद्दा भी उठा। विजेताओं को कैप्टन अरशद ट्रॉफी और मौलाना अशफ़ाक़ रहमानी अवार्ड से नावाज़ा गया। एडवोकेट अब्दुल हसेब काज़ी, विपिन वानखेडे, डॉ. पीयूष जोशी,सरफराज अंसारी, प्रवीण खारीवाल, नवनीत शुक्ला,प्रो. हलीम खान, नूर मोहम्मद कुरैशी, मकसूद गोरी,डॉ. मोहम्मद अली, हिदायत उल्ला खान, सलीम अंसारी, समीर खान, मेहबूब खान, अजय पाल, इब्राहीम, जाफर अली, जुबेर खान, इमरान खान,मज़हर हसन बंदूक वाला, मोहसिन मंसूरी, शादाब मंसूरी, बिलाल खान, आदिल सहित जावेद आलम ने अपनी भूमिका निभाई।



भावसार समाज की जिम्मेदारी तीन सालों के लिए विपिन के पास

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। भावसार समाज में समाज के अध्यक्ष के लिए तीन वर्ष के लिए हुए निर्वाचन में चुनाव अधिकारी संजय धारे के पास विपिन भावसार का फार्म निर्विरोध रूप से अकेला सामने आया। चुनाव अधिकारी ने विपिन भावसार को आगामी तीन वर्षों के लिए निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया और तीन वर्षों तक अध्यक्ष का कामकाज सम्भालेंगे। विपिन भावसार ने सचिव पद पर प्रदीप भावसार और कोषाध्यक्ष पद पर सुनील भावसार को नियुक्त किया। समाजजनों ने बधाई दी।

20 महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने दिए विचार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के युवा उत्सव के अंतर्गत स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में अंतरमहाविद्यालयीन वक्तृत्व कला प्रतियोगिता आयोजित की गई। 'भारतीय संस्कृति एवं परंपरा के संरक्षण में युवा पीढ़ी की भूमिका' विषय पर आयोजित प्रतियोगिता में शहर के 20 महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का आयोजन माता जीजाबाई शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय एवं इल्वा कॉमर्स एंड साइंस कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। ड़ॉ. योगेन्द्रनाथ शुक्ल, धर्मेन्द्र खंडेलवाल, डॉ. रेखा आचार्य, डॉ. राजीव कुमार झालानी, डॉ. सुषमा शर्मा, डॉ. वसुधा गाडगिल, रश्मि गाडगिल,डॉ. सखाराम मुजाल्दे, प्रो. मिलिंद बाफना, प्रो. रश्मि झालानी, प्रो. सीमा मोदी, प्रो. सोनम पोरवाल एवं डॉ. संजीव जटाले, प्रो. पलक उपाध्याय, प्रो. ऋतु जोशी ने अपनी भूमिका निभाई।





व्याख्यानमाला के निमंत्रण पत्र एवं पोस्टर का विमोचन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। अभ्यास मंडल की शीतकालीन व्याख्यानमाला 5 से 10 दिसम्बर तक प्रेस क्लब में आयोजित होगी। इसके निमंत्रण पत्र एवं पोस्टर का विमोचन इंदौर प्रेस क्लब में हुआ। व्याख्यान माला की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। शांतनु केमकर, रामेश्वर गुप्ता, वैशाली खरे सहित अन्य मौजूद थे।

महक शर्मा का सम्मान

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। आत्मरक्षा प्रशिक्षण सत्र आयोजित करने वाली समाजसेविका महक शर्मा का शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, नई दिल्ली एवं अक्षर सामाजिक सेवा समिति, इंदौर द्वारा आयोजित मध्यप्रदेश सेवा अलंकरण समारोह में सम्मानित किया गया। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, डॉ. आलोक डोलिया, शोभा पेडणकर, ओमप्रकाश शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।



लिटरेचर फेस्टिवल में प्रस्तुतियां

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। डेली कॉलेज में आयोजित इंदौर लिटरेचर फेस्टिवल के 12वें संस्करण के दूसरे दिन शनिवार को साहित्य, संगीत, लोक संस्कृति और समकालीन लेखन से जुड़े विविध विषयों पर संवाद हुए। सुबह कबीर की वाणी और लोकगायन से शुरू हुआ कार्यक्रम दिनभर कविता, पुस्तकों, नेतृत्व, लेखन और बदलते समय की कहानियों पर चर्चा से होते हुए शाम को कविता-शायरी और ओपन माइक तक पहुंचा। देशभर से आए साहित्यकारों, लेखकों, कलाकारों और विभिन्न क्षेत्रों की हस्तियों ने अपने विचार और अनुभव साझा किए।सुनील पटेल ने कबीर वाणी की प्रस्तुति भी दी थी। राकेश जैन, रमेश गुप्ता, आर.के. शर्मा, प्रमोद कोठारी और दीप्ति शर्मा ने पुस्तकों और पाठकीय संस्कृति से जुड़े अनुभव साझा किए। ईश्वर शर्मा एवं वाणी जोशी ने सत्र का संचालन किया। वहीं 'माटी महके, म्हारा गांव' सत्र में पद्मश्री जगदीश जोशीला, माया बदेका, पूर्णिमा चतुर्वेदी, हेमलता शर्मा, मेघा परसाई और दीपक यादव ने ग्रामीण जीवन, मिट्टी और गांव से जुड़े अनुभवों पर संवाद किया। इस दौरान पद्मश्री जगदीश जोशीला ने मध्यप्रदेश की लोक बोलियों के संरक्षण और संवर्धन के लिए अलग साहित्य अकादमी स्थापित करने का सुझाव दिया।

माँ तुलजा भवानी और महालक्ष्मीजी के लगे यात्रा में जयकारे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

पलसीकर कॉलोनी में श्री दत्त माऊली सदगुरु अण्णा महाराज संस्थान द्वारा कार्तिक मास में पालकी उत्सव की परम्परा निभाई जा रही है। तीन दिवसीय पालकी यात्रा आयोजन में कल मां तुलजा भवानी और महालक्ष्मी की पालकी यात्रा निकाली गई, जिसमें दोनों माताओं के जयकारे भी लगे। प्रारंभ में दोनों देवियों को विग्रह के पूजन किए गए, फिर आरती हुई और फिर यात्रा को रवाना किया। रास्ते में जगह-जगह पुष्प स्वागत किया गया। रास्ते में भक्तों ने फुगड़ी नृत्य, गरबा पाउल भजन भी किए। विधायक मधु वर्मा भी पहुंचे थे। आज शाम 6.30 बजे भगवान दत्तात्रेय और महादेव की पालकी यात्रा निकाली जाएगी, इसमें भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहेंगे।





कोली समाज की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में पहुंचे महावर

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। महाराष्ट्र के ठाणे में अ.भा. कोली समाज की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक आज आयोजित की जा रही है। 55 साल के सफर की स्मारिका का विमोचन भी किया जाएगा। इंदौर से राष्ट्रीय कार्यकारिणी में शामिल होने प्रकाश महावर कोली ठाणे पहुंच गए।

बासमती चावल में निर्यात मांग बढ़ने और धान की कमी से आई तेजी

शादी-विवाह के सीजन और चौतरफा मांग से 200 से 300 रु. प्रति क्विंटल बढ़े बाजार

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। बासमती चावल में लगातार निर्यात मांग बढ़ने और धान की कमी से लंबे समय के बाद तेजी आई है। जिसका मुख्य कारण निर्यात मांग बढ़ने और वर्तमान में चार माह के अंतराल के बाद छोटी दिवाली से शुरू हुए शादी - विवाह के सीजन में उपभोक्ताओं की खरीदी से भी थोक चांवल बाजार में हलचल शुरू हो गई है।

यही नहीं वर्तमान में लगातार उपभोक्ताओं की लंबे समय के बाद खरीदी में पूछ परख के साथ डिमांड निकलने से बाजार में तेजी आ गई है। हालांकि आम उपभोक्ताओं के लिए बाजार में 200 से 300 रुपए प्रति क्विंटल की सामान्य तेजी है। जिसके बाद थोक बाजार में भी व्यापारियों की भी अब लगातार बासमती चांवल की खरीदी और मांग निकलने लगी है। जिसका असर थोक बाजार में नजर आने लगा है।



चावल	प्रति क्विंटल
चांवल बासमती वंट	14000-15000
तिबार बासमती	12000-13000
दुबार बासमती	10000-11000
मिनी दुबार बासमती	8000-9000
बासमती मोगरा	5500 से 7500
थोक बाजार में पोहा	5500 से 6000

उपभोक्ताओं के साथ व्यापारियों की खरीदी भी निकलने लगी

छावनी दाल - चावल के थोक बाजार के प्रमुख व्यापारी दयालदास अजितकुमार के मुताबिक धान की कमी और शादी विवाह के हिसाब से निकली डिमांड से तेजी निकली है। जिसका उपभोक्ता खरीदी पर खास असर नहीं है लेकिन थोक बाजार में हलचल के बाद उपभोक्ताओं के साथ व्यापारियों की खरीदी भी निकलने लगी है।

कम्युनिटी हॉल नवीनीकरण और विस्तार कार्य की सौगात मिलेगी

पहली मंजिल पर नवीन हॉल निर्माण के साथ ऊपर डलेगा वॉटर प्रूफ शेड

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। विधानसभा तीन के अंतर्गत गाड़ी अड्डा क्षेत्र में रहने वाले वाल्मीकि समाजजन एवं अन्य रहवासियों के उपयोग के लिए अब सालों पुराने कम्युनिटी हॉल सामुदायिक भवन का लाखों रुपये खर्चकर नवीनीकरण किया जाएगा। जिसके अंतर्गत पुराने कम्युनिटी हॉल की प्रथम मंजिल पर नवीन भव्य आधुनिक सुविधाओं वाले लेट बॉथ अटैच बड़े हॉल का नव निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा ऊपर के हिस्से में नया वॉटर प्रूफ टीन शेड डालने का कार्य भी शुरू किया जाएगा। जिसका फायदा क्षेत्र के सैकड़ों रहवासी परिवारों और मुख्य रूप से गाड़ी अड्डा क्षेत्र के आसपास निवास करने वाले वाल्मीकि समाज के रहवासी परिवारों को मिलेगा।

विवाह से लेकर सामाजिक धार्मिक कई आयोजन होते है एक जगह -बड़ी बात यह है कि गाड़ी अड्डा बस्ती क्षेत्र में रहने वाले मध्यमवर्गीय गरीब जरूरतमंद परिवार के लोगों के वहां विवाह से लेकर अन्य सामाजिक, धार्मिक आयोजन भी यहां एक छत के नीचे घर के नजदीक नाम मात्र के शुल्क में आसानी से हो जाते है। जिससे यहां के रहवासियों का बड़ी महंगी धर्मशाला और गार्डन आदि का अपने पारिवारिक कार्यक्रमों में होने वाला खर्च बच जाता है। वहीं रहवासियों की मांग पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के प्रयासों से आने वाले दिनों में बेहद जल्द निविदा संबंधित प्रक्रिया पूरी होने के बाद नए साल से पहले काम शुरू हो जाएगा, जिसका फायदा क्षेत्र के लोगों को निकट भविष्य में मिलेगा।

बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता

छात्राओं को दिलाई बाल विवाह के विरुद्ध शपथ





इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय, किला भवन, इंदौर में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत बाल विवाह निषेध एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। छात्राओं को बाल विवाह निषेध की शपथ दिलाई गई। इसमें लगभग 80 छात्राओं ने सहभागिता करते हुए बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति को समाप्त करने तथा समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। बाल विवाह निषेध विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। इसमें महिला एवं बाल विकास विभाग, देवास की अधिकारी डॉ. एकता जायसवाल ने मुख्य वक्ता के रूप में छात्राओं को संबोधित किया। डॉ. बीडी श्रीवास्तव, डॉ. वीपी बैरागी, डॉ. निशा जैन, डॉ. मनीषा जोशी, डॉ. सुचित्रा हरमलकर, डॉ. ज्योति मेहता, डॉ. रेणुका उपाध्याय, डॉ. संगीता शर्मा, डॉ. शीतल झा का मार्गदर्शन मिला।

नए गैस कनेक्शन पर रोक

छोटे कम्पोजिट प्लास्टिक बॉडी सिलेंडर की लगातार बढ़ रही मांग

तीनों प्रमुख ऑयल कंपनी ने शुरू कर दी 10 कि. सिलेंडर की डिलेवरी

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। इंदौर शहर में भले ही अभी नए गैस कनेक्शन पर रोक लगी हो लेकिन अब कंपोजिट प्लास्टिक बॉडी छोटे गैस सिलेंडर की लगातार डिमांड बढ़ रही है। लोहे के गैस सिलेंडर के मुकाबले पारदर्शी बॉडी और वजन में हल्का होने से एक स्थान से दूसरे स्थान पर रखने और इधर से उधर ले जाने में भी आसानी होने से इसकी उपभोक्ताओं में लगातार मांग बढ़ रही है। यही नहीं लोहे के भारी भरकम सिलेंडर से मुक्ति और इसकी बॉडी को जंग भी नहीं लगता है। बड़ी बात यह है कि इंदौर जैसे महानगर शहर में जबरदस्त डिमांड के चलते तीनों प्रमुख ऑयल कंपनी भारत, इंडेन और एच पी (हिंदुस्तान पेट्रोलियम ऑयल कंपनी सहित तीनों ने इंदौर सहित अन्य प्रमुख शहरों में अपना नए जमाने का 10 किलोग्राम क्षमता वाला नया प्लास्टिक बॉडी कम्पोजिट गैस सिलेंडर की डिलेवरी शुरू कर दी है।



इन सिलेंडरों की खासियत

गैस सिलेंडर की खासियत है कि यह सिलेंडर फाइबर और प्लास्टिक कंपोजिट मैटेरियल से बने होते हैं। यह ट्रांसलूसेंट (पारदर्शी) भी है। साथ ही एक स्थान से दूसरे स्थान पर उठाकर रखने में भी बेहद आसानी से उपयोगी साबित हो रहे है।

14 कि. की जगह मिल रहा 10 कि. वजन

पारदर्शी होने से बाहर से ही सिलेंडर में कितनी गैस बची है इसका स्तर भी आसानी से उपभोक्ता देख सकते है। यही नहीं नया कनेक्शन लेने या अपने पुराने लोहे के सिलेंडर को इस फाइबर सिलेंडर से बदलवाने के लिए उपभोक्ता अपने नजदीकी गैस वितरक एजेंसी से संपर्क कर सकते है। वहीं 14 किलोग्राम की जगह इसमें 10 किलोग्राम गैस मिल रही है। इसके लिए जो नियम बनाए गए है। जिसके तहत तीनों प्रमुख ऑयल कंपनी द्वारा बुकिंग के एक ही दिन में 3 से 4 घंटे में कस्टमर को नया प्लास्टिक बॉडी वाला सिलेंडर डिलिवरी किया जा रहा है। पहले चरण में तीनों ऑयल कंपनी ने अपने अपने हिसाब से इंदौर सहित प्रमुख शहरों में पिछले दिनों सेवा शुरू कर दी थी। वहीं अब अपने हिसाब से अन्य शहरों में भी इस नए प्लास्टिक बॉडी कॉमोजिट गैस सिलेंडर की सेवा देने की तैयारी चल रही है।

जीपीओ से सरवटे सड़क निर्माण से पहले हो रहा बड़ी लाइन डालने का काम

नसिया से राज टॉकीज तक पहुंचा स्टॉर्म वॉटर लाइन कार्य

नए साल से पहले शुरू होगा जल्द सड़क चौड़ीकरण कार्य

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। जीपीओ से सरवटे बस स्टैंड तक बनने वाली सड़क निर्माण से पहले यहां ड्रेनेज और स्टॉर्म वॉटर लाइन डालने का काम वर्तमान में इन दिनों तेजी के साथ चल रहा है। यही नहीं निगम द्वारा बड़ी लाइन डालने का यह काम महीनेभर पहले से सरवटे बस स्टैंड की ओर नसिया रोड़ से शुरू कर दिया था। वहीं अब लाइन डालने के लिए छावनी दाल चांवल मार्केट के पास राज टॉकीज के सामने भी जल्द लाइन डालने का काम शुरू होने वाला है।

मंडी गेट के पास वाली गली तक पहुंचा खुदाई का काम

जबकि अभी भारतीय स्टेट बैंक से आगे मंडी गेट वाली गली तक खुदाई का काम पहुंच गया है। यही नहीं इससे संकरी सड़क पर खुदाई से ट्रैफिक जाम जैसी स्थिति भी अभी से बनने लगी है। इधर खुदाई कर बड़ी स्टॉर्म वॉटर और ड्रेनेज लाइन डालने का काम अब इस हिस्से में तेजी के साथ शुरू हो गया है। इसके अलावा बताया जा रहा है कि आने वाले दिनों में दिसंबर माह के अंत तक बेहद जल्द जीपीओ तक लाइन डालने का काम पूरा करवाने की प्लानिंग सड़क प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों की है। इसके बाद नए साल की शुरुआत में जीपीओ से सरवटे मुख्य सड़क निर्माण और चौड़ीकरण कार्य भी जल्द शुरू कर दिया जाएगा। जिसका फायदा भविष्य में लोगों को दोनों सड़क बनने के बाद मिलेगा।



मधुमिलन से छावनी पुलिया तक सड़क निर्माण कार्य अंतिम दौर में- गौरतलब है कि वर्तमान में मधुमिलन से छावनी जगन्नाथ सेतु पुल तक सड़क निर्माण का कार्य अब एकदम अंतिम दौर में चल रहा है। मुख्य रूप से दोनों तरफ के आखरी कोने वाले हिस्से का काम बचा है। मधुमिलन चौराहे से पहले दवा बाजार के पास शेष बचा लाइन डालने का काम इन दिनों देर रात में भी तेजी के साथ हो रहा है। इसके अलावा जगन्नाथ धर्मशाला के सामने के हिस्से में भी अंतिम दौर का काम इन दिनों पूरा किया जा रहा है। जबकि बाकी जगह सड़क निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है।सड़क प्रोजेक्ट से जुड़े अफसरों का कहना है कि दिसंबर अंत तक बचे काम पूरे कर लिए जाएंगे इसके बाद आने वाले दिनों में जीपीओ से सरवटे सड़क से बाधक निर्माण हटाकर यहां भी सड़क निर्माण कार्य जल्द शुरू होगा।

संपादकीय

ऑनलाइन धोखाधड़ी से आगे बढ़ता साइबर क्राइम, नोएडा मामले ने खोली निगरानी व्यवस्था की पोल

डिजिटल युग में साइबर अपराध के साथ जबरन श्रम भी बढ़ रहा है; नोएडा के फर्जी कॉल सेंटर से 164 विदेशी नागरिकों की रिहाई ने सुरक्षा व निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं। डिजिटल तकनीक के विस्तार ने लोगों के जीवन को सुविधाजनक जरूर बनाया है, लेकिन इसके साथ साइबर अपराधों का खतरा भी तेजी से बढ़ा है। आनलाइन धोखाधड़ी, फर्जी निवेश योजनाएं, नौकरी के नाम पर ठगी, पहचान चोरी और साइबर संगठित गिरोह अब बड़ी चुनौती बन चुके हैं। हाल ही में सामने आई उत्तर प्रदेश के नोएडा में विदेशी नागरिकों को बंधक बनाकर उनसे जबरन काम कराने की घटना इस बात का संकेत है कि साइबर अपराध का दायरा अब केवल आनलाइन ठगी तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि इसमें मानवाधिकारों का हनन और श्रमशक्ति के शोषण की गतिविधियां भी जुड़ती जा रही हैं। विदेशी नागरिकों को बेहतर भविष्य का लालच देकर भारत लाना, फिर उन्हें बंधक बनाकर साइबर ठगी जैसे कार्यों में इस्तेमाल करना बेहद गंभीर मामला है। ऐसी घटनाएं न केवल देश की कानून व्यवस्था, बल्कि अंतरराष्ट्रीय छवि पर भी सवाल खड़े करती हैं। सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि इस तरह के तंत्र का शुरुआत में ही पता लगाकर अपराधियों की धर-पकड़ करने में सुरक्षा एजंसियां नाकाम क्यों हो रही हैं? गौरतलब है कि दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने हाल ही में नोएडा के सेक्टर-136 में छापा मारकर अवैध रूप से काल सेंटर चलाने वाले इस गिरोह का भंडाफोड़ कर वहां जबरन काम पर लगाए गए 164 विदेशी नागरिकों को मुक्त कराया। विचित्र बात है कि स्थानीय पुलिस और प्रशासन को इसकी भनक तक नहीं लग पाई! जाहिर है, साइबर अपराधियों के तंत्र को तोड़ने के लिए पुलिस और खुफिया एजंसियों को पारंपरिक अपराधों के साथ डिजिटल माध्यमों पर भी निगरानी बढ़ानी होगी। संदिग्ध काल सेंटरों और अवैध रोजगार कार्यालयों की नियमित जांच जरूरी है। ऐसे अपराधों में शामिल लोगों के वित्तीय लेन-देन और डिजिटल जाल की पड़ताल कर गिरोह के पूरे तंत्र तक पहुंचना होगा।

अपराध रोकथाम के लिए एआई-डाटा आधारित सिस्टम लाएगी पुलिस

अगले महीने से ट्रायल



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। शहर की कानून व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने तथा पुलिसिंग को आधुनिक तकनीक से जोड़ने की कवायद के तहत पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने शनिवार को वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक ली। बैठक में तैयार किए जा रहे विशेष क्राइम एनालिसिस सॉफ्टवेयर पर मंथन हुआ, जिसे अगले माह से प्रायोगिक तौर पर शुरू किया जाएगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और पुराने आंकड़ों के मेल से यह प्रणाली अपराधों के संभावित इलाकों को पहचानने के साथ फील्ड स्टाफ की गतिविधियों पर लाइव नजर रखेगी।

बैठक में सभी डीसीपी, एडीसीपी और एसीपी शामिल हुए। अधिकारियों को बताया गया कि इस सॉफ्टवेयर में बीते सालों के अपराधों का ब्योरा, हिस्ट्रीशीटर व निगरानी बदमाशों की सूची, वारदात वाले स्थान और सड़क हादसों का रिकॉर्ड जोड़ा जा रहा है। समय, जगह और अपराध की प्रकृति के आधार पर हॉट स्पॉट तय होंगे, जिससे पहले से गश्त, चेकिंग और निरोधात्मक कदम उठाए जा सकेंगे। बीट और माइक्रो बीट स्तर पर गश्त, चेकिंग व नाकाबंदी की सीधी निगरानी भी इसी माध्यम से होगी। पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने संवेदनशील व कम निगरानी वाले क्षेत्रों में आम लोगों के सहयोग से कैमरे लगवाने का काम तेज करने, वरिष्ठ अफसरों को मैदान में उतरकर सघन जांच कराने और पुराने मामलों को जल्द निपटाने के निर्देश दिए। साथ ही नशे व अवैध शराब के कारोबारियों पर शिकंजा कसने, व्यस्त समय में यातायात सुधारने, शादी-समारोहों में डीजे व व्यवस्था के नियमों का पालन कराने, अनुशासन बनाए रखने और मोहल्ला समितियों के माध्यम से महिला सुरक्षा व साइबर सतर्कता फैलाने पर विशेष बल दिया गया।

टवेरा कार के बॉटल होल्डर में एमडी ड्रग्स छिपाए 2 तस्कर दबोचे

4.80 लाख का माल सुपर कारिडोर से जब्त



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। क्राइम ब्रांच ने सुपर कॉरिडोर की सर्विस रोड पर कार्रवाई करते हुए 24.71 ग्राम अवैध एमडी ड्रग्स के साथ रतलाम और राजस्थान के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी टवेरा कार के ड्राइवर साइड दरवाजे के बॉटल होल्डर में मादक पदार्थ छिपाकर ले जा रहे थे, जबकि कार के भीतर एक खराब हीरो स्प्लेंडर बाइक भी रखी मिली। पुलिस ने करीब 2.40 लाख रुपए कीमत की एमडी ड्रग्स, टवेरा कार और बाइक जब्त की है, जिससे कुल मशरूका करीब 4.80 लाख रुपए आंका गया है।

क्राइम ब्रांच डीसीपी राजेश त्रिपाठी के अनुसार, टीम मादक पदार्थों से जुड़े संदेहियों की तलाश करते हुए सुपर कॉरिडोर स्थित पिलर क्रमांक 132 के पास सर्विस रोड पहुंची। वहां सड़क किनारे खड़ी सफेद-ग्रे रंग की टवेरा कार में दो संदिग्ध युवक बैठे दिखे और कार के अंदर एक बाइक रखी थी। पुलिस ने घेराबंदी कर रुकने की वजह पूछी तो दोनों घबरा गए। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम वारिस मंसूरी निवासी जावरा, जिला रतलाम और समीर खान निवासी जिला बांसवाड़ा राजस्थान बताए। संदेह होने पर कार की तलाशी ली गई, तो भीतर रखी काली हीरो स्प्लेंडर बाइक के बारे में आरोपियों ने उसके खराब होने की बात कही, जबकि ड्राइवर साइड दरवाजे के बॉटल होल्डर से 24.71 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हुई। पुलिस के मुताबिक वारिस मंसूरी 9वीं पास है और हम्माली करता है, वहीं समीर खान दूसरी तक पढ़ा है और ड्राइवरी का काम करता है। अपराध शाखा थाने में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/22 में प्रकरण दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है तथा सप्लायर व अंतरराज्यीय नेटवर्क को लेकर पूछताछ जारी है।

एपीके लिंक भेजकर मोबाइल हैक किया, क्रेडिट से 3.16 लाख रुपए उड़ाए

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। महू थाना क्षेत्र में अज्ञात साइबर ठग ने मोबाइल पर एपीके लिंक भेजकर फोन हैक कर लिया और क्रेडिट के जरिए 3 लाख 16 हजार 999 रुपए की धोखाधड़ी कर दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर साइबर डेस्क की मदद से जांच शुरू कर दी है। महू पुलिस के मुताबिक, श्रीराम नगर गुजरखेड़ा निवासी फरियादी रवींद्र वर्मा पिता यशवंत वर्मा के मोबाइल नंबर पर 18 नवंबर की दोपहर करीब 12.30 बजे एक नंबर से एपीके लिंक आई थी। लिंक पर क्लिक करते ही उनका फोन हैक हो गया और आरोपी ने क्रेडिट से 3,16,999 रुपए का ट्रांजेक्शन कर रकम निकाल ली। पुलिस संदिग्ध नंबर और डिजिटल ट्रेल के आधार पर आरोपी की तलाश कर रही है।

मजदूर भेजने का झांसा देकर ठेकेदार से 51.5 हजार रुपए की ऑनलाइन ठगी

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। सिमरोल थाना क्षेत्र में मजदूर उपलब्ध कराने का झांसा देकर साइबर ठगों ने एक ठेकेदार से 51 हजार 500 रुपए की ऑनलाइन धोखाधड़ी कर ली। न तो मजदूर भेजे गए और न ही रकम लौटाई गई। शिकायत के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी व आईटी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, मेरठ, उप्र निवासी तथा हाल मुकाम बाईग्राम निवासी फरियादी पवन तोमर पिता भूपेंद्र कुमार तोमर के साथ यह ठगी 20 नवंबर की रात करीब 8.28 बजे हुई। फरियादी ने बताया कि लेबर भेजने के नाम पर उनसे 51,500 रुपए ट्रांसफर करवा लिए गए, लेकिन बाद में कोई संपर्क नहीं हुआ। साइबर सेल में की गई शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामले की विवेचना शुरू कर दी है।







ऑपरेशन मिडनाइट... सड़कों से गलियों तक इंदौर पुलिस की सरप्राइज चेकिंग

1544 बदमाशों को जांचा, 762 पर कार्रवाई

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। शहर में अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए इंदौर पुलिस ने चारों जोन में बीती शाम से मध्य रात्रि तक विशेष अभियान ऑपरेशन मिडनाइट चलाया। शहर के चारों जोन में डीसीपी के नेतृत्व में सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस बल ने हॉटस्पॉट से लेकर शैडो एरिया तक सरप्राइज चेकिंग और ड्रोन से निगरानी की। इस दौरान पुलिस ने 1544 बदमाशों को चेक किया, जिनमें से 762 के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की गई।

अभियान के तहत 338 से ज्यादा वारंट तामील कराए गए, जिनमें लंबे समय से फरार 106 स्थायी, 92 गिरफ्तारी और 140 जमानती वारंट शामिल हैं। वहीं, ड्रंक एंड ड्राइव पर सख्त रुख अपनाते हुए शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले 286 चालकों पर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत केस दर्ज कर वाहन जब्त किए गए। इसके अलावा सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने के 18 मामले और मादक पदार्थों का सेवन करने के 3 मामले दर्ज किए गए। अवैध शराब की बिक्री पर 7 प्रकरणों में 180 से अधिक क्वार्टर शराब जब्त की गई। कार्रवाई के दौरान चंदन नगर पुलिस ने 2 और सदर बाजार पुलिस ने 1 आरोपी को चाकू के साथ पकड़कर आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज किया। हॉटस्पॉट और संवेदनशील इलाकों में ड्रोन पेट्रोलिंग व पैदल गश्त के जरिए 277 गुंडों, 108 नकबजनों, 44 लुटेरों, 132 चाकूबाजों, 169 निगरानीशुदा अपराधियों, 45 जिलाबदर/रासुका के बदमाशों और 7 ड्रग पैडलर्स समेत 782 से अधिक अपराधियों को चेक किया गया। आदतन अपराधियों को थानों में बुलाकर डोजियर भरवाए गए और सख्त हिदायत दी गई। पुलिस अधिकारियों ने होटल, लॉज, रैन बसेरों और अंतर्राज्यीय बस चालकों की भी चेकिंग की तथा नागरिकों से जनसंवाद कर साइबर व महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।

संभाग आयुक्त ने ली समयावधि बैठक

देपालपुर क्षेत्र और लिम्बोदी के अतिक्रमण पर भी चर्चा, सूख रहे पौधों के मामले में निगम के जवाब नहीं आने पर दिखाई नाराजगी



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। संभागायुक्त भास्कर लाक्षाकार ने पहली समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में विभागों से खासी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि समयावधि पत्रों का समय सीमा में निराकरण नहीं होना संबधित अधिकारी की असक्षमता दर्शाता है। समयसीमा के प्रकरणों के निराकरण के लिए 2 वर्षों तक का समय लेना अच्छा नहीं है। संभाग के सभी आश्रम छात्रावासों में उपलब्ध व्यवस्थाओं के लिए चेकलिस्ट भेजी जाएगी, सहायक आयुक्त और शिक्षा अधिकारी प्रति माह अपडेट भी करेंगे। संभाग आयुक्त ने समयावधि में शिकायतों के निराकरण नहीं होने, समय पर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं करने, देपालपुर क्षेत्र में हुए अतिक्रमण पर भी नाराजगी जताई। तीन माह में जांच नहीं होने पर भी नाराजगी जताई। अतिक्रमणकर्ताओं को तीन स्मरण पत्र भेजने के बाद भी अभी तक कार्रवाई नहीं हुई है। लिम्बोदी क्षेत्र के अतिक्रमण प्रकरण में भी नाराजगी जाहिर की और कहा कि पटवारी का कार्य निराशाजनक है। प्राधिकरण के लीज धारकों से लीज ऋण वसूली तेज की जाए। लीज नहीं भरने पर लीज निरस्ती की कार्रवाई की जाए। कनकेश्वरी धाम में सूख रहे डेढ़ लाख पौधों के मामले में नगर निगम द्वारा अब तक जवाब नहीं मिलने पर नाराजगी व्यक्त की गई। साथ ही एनएचएआई द्वारा बनाये जा रहे खण्डवा-इंदौर रोड का निर्माण कार्य समय पर पूरा नहीं होने पर कहा कि इसे शीघ्र पूरा किया जाये।

उन्होंने कहा कि सरदार सरोवर परियोजना के तहत विस्थापित द्वारा दिए गये धरने की जाँच एनवीडीए करें। संभागायुक्त ने कहा कि एमजीएम आउटसोर्स कंपनी द्वारा सेलरी में कटौती करने एवं मनमाने ढंग से वेतन भुगतान संबंधी प्रकरण की जाँच अब श्रमायुक्त कार्यालय द्वारा की जाएगी। संभागायुक्त श्री लाक्षाकार ने सभी एसडीएम से कहा कि मर्ग जांचें 3 माह से अधिक लंबित न रखें। सभी एसडीएम इस कार्य पर फोकस करें। बैठक में फोटो निर्वाचक नामावली के मामले में कहा कि वे स्वयं अगले माह से इस कार्य के निरीक्षण के लिए जिलों में पहुंचेंगे। संभाग आयुक्त ने इस बैठक के अलावा कल इंदौर विकास प्राधिकरण के विकास कार्यों का मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। सभी काम गुणवत्ता और समय पर करने के निर्देश दिए।



संभाग आयुक्त ने किया सहकारी दुग्ध संघ संयंत्र का निरीक्षण

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। संभाग आयुक्त भास्कर लाक्षाकार ने इंदौर सहकारी दुग्ध संघ मांगलिया के संयंत्र का निरीक्षण किया। समीक्षा बैठक में भी संभाग आयुक्त ने अध्यक्षता की। संभाग आयुक्त ने कहा दुग्ध संघ अपनी ब्राण्ड वैल्यू का विशेष ध्यान रखें, समय-समय पर दुग्ध समितियों का निरीक्षण करें। दुग्ध समितियों द्वारा दुग्ध संकलन और विक्रय के बीच संतुलन बनाए रखें। बैठक में दुग्ध संघ में कार्यरत सहकारी दुग्ध समितियों की संख्या, आय-व्यय, संघ द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं एवं नये संयंत्र स्थापित करने पर भी चर्चा हुई। पौधारोपण भी किया गया। सीईओ विशाल मिश्रा ने बताया कि 1982 में स्थापित संस्था द्वारा अभी रोजाना पौने 3 लाख किलो दुग्ध का संकलन किया जाता है, जिसमें से अधिकांश दुग्ध का विक्रय किया जाता है। साथ ही विभिन्न प्रकार के दुग्ध उत्पाद तैयार किये जाते हैं।



प्रशिक्षु अधिकारियों ने जाना इंदौर का विकास और स्वच्छता मॉडल



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। दिल्ली, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह सिविल सेवा के 62वें बैच के परिवीक्षाधीन अधिकारियों ने इंदौर का भ्रमण किया। इस दौरान अधिकारियों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर शिवम वर्मा से सौजन्य भेंट की। कलेक्टर वर्मा ने प्रशिक्षु अधिकारियों को इंदौर जिले में संचालित विकास कार्यों, नवाचारों, प्रशासनिक व्यवस्थाओं तथा विभिन्न जनकल्याणकारी गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षु अधिकारियों का भ्रमण उन्हें इंदौर के प्रशासनिक अनुभवों और नवाचारों को समझने का अच्छा अवसर प्रदान करेगा। लालबाग पैलेस, राजवाड़ा, 56 दुकान सहित अन्य प्रमुख दर्शनीय एवं विशिष्ट स्थलों का अवलोकन शामिल है।



सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर का समापन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। शासकीय महाविद्यालय खजराना इंदौर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम देवगुराड़िया में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन किया गया। समापन पर स्वयं सेवकों ने लक्ष्य भी प्रस्तुत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति हुई। 7 दिनों के अनुभव को शिविरार्थियों ने साझा किया। डॉ. विजय वर्मा, अनुराग पाण्डेय, डॉ. अर्चना शर्मा, डॉ. मनस्विनी मुकुल मौजूद थे।

आकाश दीप बीच मैच से बाहर, प्रसिद्ध कृष्णा बने कन्कशन सब्स्टीट्यूट

क्राइस्टचर्च। भारत और न्यूजीलैंड के बीच क्राइस्टचर्च में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट में भारतीय टीम को बड़ा झटका लगा है। तेज गेंदबाज आकाश दीप चोट के कारण मुकाबले से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह प्रसिद्ध कृष्णा को कन्कशन सब्स्टीट्यूट के तौर पर प्लेइंग-11 में शामिल किया गया है। हालांकि, इस फैसले ने एक बार फिर मोहम्मद सिराज को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। लगातार दूसरे टेस्ट में प्लेइंग-11 से बाहर रहने वाले सिराज को आकाश दीप की जगह भी मौका नहीं मिला। उनकी जगह प्रसिद्ध कृष्णा को टीम में शामिल किया गया है। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि क्या कोच गौतम गंभीर और टीम मैनेजमेंट सिराज के साथ नाइंसाफी कर रहे हैं? न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में भारतीय टीम ने चार तेज गेंदबाजों के साथ उतरने का फैसला किया था।

इसके बावजूद मोहम्मद सिराज को अंतिम एकादश में जगह नहीं मिली। टीम में एक बदलाव किया गया था। प्रसिद्ध कृष्णा को प्लेइंग-11 से बाहर कर गुरनूर बराड़ को जगह दी गई थी। अब आकाश दीप के चोटिल होकर बाहर होने के बाद भी टीम प्रबंधन ने सिराज पर भरोसा नहीं जताया। उनकी जगह प्रसिद्ध कृष्णा को कन्कशन सब्स्टीट्यूट बनाया गया है। इस तरह सिराज लगातार दूसरे टेस्ट में मैदान पर उतरने का इंतजार करते रह गए। पहले टेस्ट में भी उन्हें प्लेइंग-11 में जगह नहीं मिली थी।

भारतीय महिला टीम ने रिकॉर्ड चौथी बार जीती एशियन चैंपियंस ट्रॉफी

भोपाल। भारतीय हॉकी टीम ने शनिवार को विमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2026 के फाइनल में चीन को 3-1 से हराया। इस जीत के साथ टीम ने इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता में रिकॉर्ड चौथी बार खिताब अपने नाम किया। वहीं, जापान ने रिसा सासाकी की हैट्रिक के साथ मलयेशिया को 5-2 से हराकर ब्रॉन्ज मेडल जीता। **व्यक्तिगत पुरस्कार:** टूर्नामेंट की **सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर:** कुडो यू (जापान) टूर्नामेंट की 'जेएसडब्ल्यू राइजिंग स्टार': वेई किक्सियाओ (चीन)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग वि./यां.सम्भाग,(ओल्ड पलासिया) इन्दौर

E-mail ID:-eepwdelecind@mp.nic.in

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 64/व.ले.लि./वि.यां./26-27 **इन्दौर, दिनांक-26/11/2026**

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

स. क्र.	टेण्डर नं.	कार्य का नाम	जिला	ठेके की अनुमानित राशि (लाख में)	अमानत राशि (रु.)	निविदा प्रपत्र की राशि	ठेकेदार की श्रेणी	कार्यपूर्ण करने की निर्धारित अवधि
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	2026_PWDRB_552196	एम.टी.एच. अस्पताल इन्दौर के 26 पैसेंजर 4 नग लिफ्ट का 3वर्ष का मरम्मत व रखरखाव का कार्य।	इन्दौर	10.75	21.500/-	2.000/-	केन्द्रीयकृत पी.डब्ल्यू.डी विद्युत पंजीकरण	36 माह वर्षाकाल सहित
2	2026_PWDRB_552197	एम.वाय.एच. अस्पताल इन्दौर के 1 नग ऑर्बिस ओ.टी. लिफ्ट का वार्षिक संधारण का कार्य।	इन्दौर	1.14	2.300/-	1.000/-	क्रेन्द्रीयकृत पी.डब्ल्यू.डी. विद्युत पंजीकरण	12 माह वर्षाकाल सहित
3	2026_PWDRB_552199	एम.टी.एच. अस्पताल इन्दौर में 124 एच.पी. केपेसिटी के एच.वी.ए.सी. का वार्षिक मरम्मत व रखरखाव का कार्य।	इन्दौर	10.96	22.000/-	2.000/-	--तदैव--	12 माह वर्षाकाल सहित
		कुल राशि रु.		**रु. 22.85**				

1. उपरोक्त वेबसाईट पर ऑनलाईन पेमेंट करने के पश्चात बिड डॉक्यूमेंट क्रय किया जा सकता है।
2. बिड प्रस्तुत करते समय बिड प्रस्तुतकर्ता को निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत करना आवश्यक है। 1. बिड डॉक्यूमेंट की खरीदी का प्रमाण, 2. अरनेस्टमनी जमा करने का प्रमाण, 3.चेक लिस्ट, 4.एफिडेविट आदि अन्य विस्तृत जानकारी बिड डाटा शीट में देखी जा सकती है। 8.एनेक्चर-एच विस्तृत जानकारी बिड डाटा शीट में देखी जा सकती है।
3. निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने की तिथि दिनांक 27.11.2026 सुबह 10:30 बजे से दिनांक 07.12.2026 सायं 17:30 बजे तक निर्धारित है।
4. निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन पब्लिकेशन में नहीं किया जाकर सिर्फ वेबसाईट पर ही किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि. वि./यां. सम्भाग इन्दौर

जी-22223/26

ध्रुव जुरेल शतक से चूके

भारत की पहली पारी 246 पर सिमटी

न्यूजीलैंड को 110 रनों की बढ़त, दूसरी पारी में मेजबान टीम की खराब शुरुआत

क्राइस्टचर्च । न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में भारत की पहली पारी 246 रनों पर सिमट गई है। मैच के तीसरे दिन पहले सेशन में टीम इंडिया ऑलआउट हो गई। न्यूजीलैंड ने अपनी पहली पारी में 356 रन बनाए थे। क्राइस्टचर्च के हेगली ओवल के मैदान पर भारत ने फॉलोऑन तो बचा लिया लेकिन पहली पारी में मेजबान टीम को 110 रनों की बड़ी बढ़त मिल गई है। दूसरी पारी खेलने उतरी मेजबान कीवी टीम की शुरुआत खराब रही और पहली पारी में विकटों के लिए मोहताज रहने वाले बुमराह ने पहली सफलता दिलाई। उन्होंने कीवी कप्तान टॉम लाथम को 8 रन के निजी स्कोर पर पैवेलियन भेजा। समाचार लिखे जाने तक न्यूजीलैंड टीम ने 2 विकेट पर 81 रन बना लिए हैं।



आउट होने वाले आखिरी बल्लेबाज

ध्रुव जुरेल शतक की तरफ बढ़ रहे थे लेकिन आखिरी बल्लेबाज के रूप में 88 रन बनाकर आउट हो गए। काइल जेमिसन ने उनका विकेट लिया। 170 गेंदों की पारी में जुरेल ने 14 चौके मारे। जसप्रीत बुमराह 4 रन बनाकर नाबाद रहे। न्यूजीलैंड के लिए काइल जेमीसन ने सबसे ज्यादा 4 विकेट झटके। नाथन स्मिथ, मैट हेनरी और जैकब डफी को 2-2 विकेट मिले।

10वें विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी हुई

ध्रुव जुरेल ने 100 गेंदों पर अपनी फिफ्टी पूरी की। नंबर 10 पर उतरे गुरनूर बरार ने 46 गेंदों का सामना करके जुरेल का अच्छा साथ निभाया। दोनों के बीच 63 रनों की साझेदारी हुई। यह भारतीय पारी की सबसे बड़ी साझेदारी भी रही। लंच ब्रेक के बाद न्यूजीलैंड ने नई गेंद ली। काइल जेमिसन नई गेंद से पहले ही ओवर में बरार को बोल्ड कर दिया। उन्होंने 10 रन बनाए।

अंशुल कंबोज खाता नहीं खोल पाए

भारत ने सुबह अपनी पहली पारी छह विकेट पर 116 रन से आगे बढ़ाई। दिन के दूसरे ही ओवर में भारत का 7वां विकेट गिर गया। तेज गेंदबाज मैट हेनरी को अंशुल कंबोज को खाता भी नहीं खेलने दिया। इसके बाद आकाश दीप ने ध्रुव जुरेल का साथ दिया। दोनों ने आठवें विकेट के लिए 46 रन की साझेदारी की जिससे भारत फॉलोऑन से बच गया। आकाश तब आउट हुए जब नाथन स्मिथ ने ऑफ स्टंप के बाहर गेंद की जो थोड़ी ज्यादा उछली और बल्ले का हल्का किनारा लेकर विकेटकीपर टॉम ब्लंडेल के दस्तानों में चली गई। उन्होंने 29 रनों की पारी खेली।



एथलेटिक फेस्ट में स्कूली छात्रों ने लिया भाग

इंदौर। न्यू दिगंबर पब्लिक स्कूल के प्री-प्राइमरी विंग द्वारा 28 नवंबर को वार्षिक खेल दिवस 'एथलेटिक फेस्ट' उत्साह और खेल भावना के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विद्यालय की चेयरपर्सन श्रीमती सिंधु सुधाकर मेंडके द्वारा किया गया ।

कार्यक्रम में मशाल प्रज्वलन समारोह, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, योग, मार्शल आर्ट्स एवं विभिन्न खेल गतिविधियों के माध्यम से नन्हे विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और उत्साह का प्रदर्शन किया। अभिभावकों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया तथा विशेष दौड़ प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। विद्यालय के प्राचार्य श्री विंस्टन गोमेज एवं प्रबंधक श्री डीएम. ठोकर ने बच्चों की खेल भावना की सराहना की तथा विजेताओं को पुरस्कृत किया।

हेडमिस्ट्रेस नवनीत भाटिया के मार्गदर्शन में प्री-प्राइमरी शिक्षकों एवं खेल, कला, नृत्य और संगीत विभाग के सामूहिक प्रयासों से आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस आयोजन ने बच्चों में शारीरिक स्फूर्ति, टीम भावना और दृढ़ संकल्प के महत्व को प्रोत्साहित किया।

पुरुष वर्ग में भोपाल जिला व महिला वर्ग में इंदौर को खिताब

इंदौर। मध्यप्रदेश टेबल टेनिस संगठन के तत्वावधान में 69 वीं यूटीटी मध्यप्रदेश राज्य एवं अंतर जिला टेबल टेनिस स्पर्धा में भोपाल ने पुरुष टीम वर्ग का तथा महिला वर्ग में इंदौर जिले की टीम ने खिताबी सफलता अर्जित की। बालक एवं बालिका टीम वर्गो में इंदौर जिले के खिलाडियों ने अपना वर्चस्व बनाते हुए खिताब जीते ।

अभय प्रशाल में खेली जा रही स्पर्धा में पुरूष टीम वर्ग के अंतिम मुकाबले में भोपाल ए ने इंदौर ए को 3-0 से पराजित कर खिताब जीता । भोपाल के सौम्यदीप सरकार ने प्रथम बाथम को 3-0 से, शिवम सोलंकी ने पंकज विश्वकर्मा को 3-0 से व रितेश धाकड ने मृदुल जोशी को 3-2 से पराजित किय । सेमीफायनल में भोपाल ने इंदौर बी को 3-1 से व इंदौर ए ने भोपाल बी को 3-0 से पराजित किया ।

महिला टीम वर्ग के फायनल में इंदौर ए ने भोपाल ए को 3-1 से परास्त कर खिताब अपने नाम किया। अनुषा कुटुम्बले ने मोमिता पाल को 3-0 से, भोपाल की परमी नागदेवे ने हिया पटेल को 3-0 से, इंदौर की आराध्या राजपुत ने खुशी बघेल को 3-1 से अनुषा कुटुम्बले ने परमी को 3-0 से पराजित कर टीम को सफलता दिलवाई। सेमीफायनल में इंदौर ए ने भोपाल बी को 3-0 से व भोपाल ए ने ग्वालियर को 3-0 से पराजित किया।

टीम स्पर्धा का पुरस्कार वितरण पोस्टमास्टर जनरल इंदौर परीक्षेत्र गौरव श्रीवास्तव के मुख्य आतिथ्य व मध्य प्रदेश ओलिंपिक संघ के उपाध्यक्ष ओम सोनी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

आईपीएससी बास्केटबॉल टूर्नामेंट में दिल्ली बना चौंपियन

इंदौर। द एमराल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल, इंदौर की मेजबानी में आयोजित ऑल इंडिया आईपीएससी बास्केटबॉल टूर्नामेंट का समापन रोमांचक मुकाबलों के साथ हुआ। टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में द मान स्कूल, दिल्ली ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए मेजबान द एमराल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल, इंदौर को 49-35 अंकों से पराजित कर विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। वहीं, मेजबान एमराल्ड हाइट्स को उपविजेता ट्रॉफी से संतोष करना पड़ा।

फाइनल मुकाबले में द मान स्कूल, दिल्ली की टीम ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाते हुए मुकाबले पर अपनी पकड़ बनाए रखी। दिल्ली की ओर से मोहम्मद सानी ने 20 अंक अर्जित कर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई । गगन ने 16, गुलाम ने 10 तथा आलोक ने 6 अंकों का योगदान दिया। दूसरी ओर, एमराल्ड हाइट्स की ओर से रक्षवर्धन सिंह ने 14 तथा प्रद्युमन सिंह ने 16 अंक अर्जित किए, जबकि विशेष जैन ने 4 अंक बनाए।

राज्यस्तरीय कुश्ती के लिए कमेटी का गठन ग्वालियर में होगी

इंदौर । राज्यस्तरीय कुश्ती ग्वालियर में हो रही है , जिसके लिये चयन समिति का गठन ओलम्पियन पप्पू यादव के नेतृत्व में किया गया, जिसमें ओलम्पियन पप्पू यादव,कर्मवीर सिंग ग्वालियर, ओमप्रकाश खत्री, शाकिर नूर , फातिमा बानो, सुरेंद्र सिंग यादव उज्जैन, गोविन्द गुज्जर, विकास यादव, लोकेश परमार सीहोर,केजेश यादव,रिंकू यादव जो राज्य टीम का चयन करेंगे।

अंतर क्लब सीनियर महिला क्रिकेट स्पर्धा

इंदौर। आईडीसीए के तत्वाधान में आईडीसीए आजीवन सदस्य प्रदीप सक्सेना की माता ब्रम्हवती सक्सेना की स्मृति में अंतर क्लब महिला एक दिवसीय क्रिकेट स्पर्धा का आयोजन 7 दिसंबर से किया जा रहा है । आईडीसीए सचिव देव आशीष निलोसे एवं महिला क्रिकेट संयोजक नरेन्द्र राठौर ने बताया कि स्पर्धा के लाड्स 5 दिसंबर को शाम 5 बजे आईडीसीए कार्यालय पर डाले जाएंगे । स्पर्धा में केवल आईडीसीए से पंजीकृत क्लब एवं खिलाडी ही स्पर्धा में भाग लेने के पात्र होंगे।

विश्व जूनियर रोल बॉल प्रतियोगिता 6 से



इंदौर। भारत के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर द्वितीय जूनियर विश्व कप रोल बॉल प्रतियोगिता 6 से 9 दिसंबर तक आयोजित की जाएगी जिसमें 25 से अधिक देशों की टीम हिस्सा लेगी । जिसके भूमि पूजन कार्य का कार्यक्रम आयोजित किया । जिसमें क्षेत्र क्रमांक के 5 विधायक महेंद्र हार्डिया, महापौर परिषद के सदस्य नन्दूकिशोर पहाड़िया, पार्षद मुद्रा शास्त्री, प्रणव मंडल, नितेश जैन, मध्य प्रदेश रोल बॉल संघ के अध्यक्ष अर्जुन सिंह चौहान, सचिव हेमंत जोशी, रोल बॉल खिलाड़ी गुरु वचन सिंह चौहान, दीपेश चौधरी, अंकित खत्री, ऋत्विक मिश्रा, हिमांशु शर्मा उपस्थित थे।

हॉकी खिलाड़ियों के लिए ज्ञानवर्धक प्रशिक्षण सेमिनार आयोजित किया गया

इंदौर। मध्यप्रदेश खेल व युवा कल्याण विभाग मध्यप्रदेश शासन द्वार भोपाल मे आयोजित महिला एशियन चैंपियनशिप ट्रॉफी मैच देखने इंदौर के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम का भ्रमण कराया गया । वह खिलाड़ियों के लिए स्टेडियम पर ज्ञानवर्धक प्रशिक्षण सेमिनार आयोजित किया गया शिविर में खिलाड़ियों को बहुमूल्य तकनीकी सुझाव व हॉकी की नवीनतम तकनीक विकास, खेल के बदलते स्वरूप आधुनिक प्रशिक्षण पद्धतियों के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी एंव खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाओ से परिचित करवाया तथा उन्हें खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ाने और बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया । जिला खेल अधिकारी रीना चौहान ने बताया कि प्रदेश में आयोजित हो रहे इस टूर्नामेंट के जरिए खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ियों को देखने और उनसे सीखने का अवसर मिला है। इसी उद्देश्य से शहर के खिलाड़ियों को दो दिवसीय यात्रा पर भोपाल ले जाया गया।



दुकान लगाने के नाम पर अड़ीबाजी...

युवकों पर हमला करने वाला धराया

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

खजराना थाना क्षेत्र स्थित महक वाटिका में चाय की दुकान पर बीड़ी-सिगरेट की दुकान लगाने के नाम पर अवैध पैसों की मांग करने और मना करने पर दो युवकों पर चाकू से हमला करने वाले बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल चाकू भी जब्त कर लिया है।



खजराना पुलिस के अनुसार, 26 नवंबर को फरियादी हरिओम परमार ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह अपने साथी गौतम मुकाती के साथ महक वाटिका स्थित चाय की दुकान पर काम कर रहा था। इसी दौरान पास की गली में रहने वाला विशाल वर्मा वहां पहुंचा और बीड़ी-सिगरेट की दुकान लगाने के एवज में अवैध रूप से रुपयों की मांग करने लगा। फरियादी और उसके साथी द्वारा पैसे देने से मना करने पर आरोपी गाली-गलौज करते हुए चाकू से हमला कर दोनों को घायल कर फरार हो गया था। मामले में खजराना थाना प्रभारी के.पी. यादव के निर्देशन में गठित टीम ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर आम वाले खेत से आरोपी विशाल वर्मा पिता धर्मेंद्र वर्मा, निवासी धीरज नगर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को देखकर भागने की कोशिश में आरोपी के हाथ-पैर में चोट आई है। आरोपी के खिलाफ परदेशीपुरा थाने में पूर्व से मारपीट के आपराधिक मामले दर्ज हैं।

बाइक की टक्कर से युवक की मौत

महिला गंभीर रूप से घायल

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

बड़गोंदा थाना क्षेत्र में तेज गति व लापरवाही से आई बाइक ने दूसरी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि मौजूद महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, यह दुर्घटना ग्राम मोउडाहार स्थित थवलाय रोड पटिया फैक्ट्री के पास रात करीब 8 बजे हुई। मृतक की पहचान मुकेश के रूप में हुई है, जो महिला के साथ बाइक से जा रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक क्रमांक MP09 VU 7322 के चालक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। घायल मुकेश को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया, जबकि घायल महिला का उपचार जारी है। चश्मदीद गवाह संतोष पाटीदार पिता बाबूलाल पाटीदार, निवासी ग्राम जामली की रिपोर्ट और कथन के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

ऑटो रिक्शा में जबरन बैठे बदमाश, पुरानी रंजिश में चालक को पीटा

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। बाणगंगा थाना क्षेत्र में ऑटो रिक्शा चालक को अगवा कर पुरानी रंजिश के चलते मारपीट करने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने ऑटो चालक को सरकारी स्कूल के पीछे ले जाकर गाली-गलौज की और लकड़ी के डंडे तथा हाथ-मुक्कों से हमला कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने नामजद आरोपी समेत उसके साथियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बाणगंगा पुलिस के अनुसार, नरवल निवासी फरियादी अनिल पिता परसराम साहू ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह अपने ऑटो रिक्शा से बाणेश्वर कुंड के पास सवारी उतारकर शनि मंदिर से वापस अपने घर जा रहे थे। तभी सौम्य तिवारी निवासी वृंदावन कॉलोनी अपने दो साथियों के साथ आया और जबरन ऑटो में बैठ गया। आरोपी और उसके दोस्त फरियादी को उसके घर के पास स्थित सरकारी स्कूल के पीछे वृंदावन कॉलोनी ले गए। वहां पुरानी बात को लेकर आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। जब फरियादी ने विरोध किया, तो सौम्य तिवारी ने लकड़ी के डंडे से और उसके साथियों ने हाथ-मुक्कों से उनके साथ मारपीट की।

घर के बाहर कांच फोड़कर हंगामा, महिला के भाई को दी जान से मारने की धमकी

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। एमजी रोड थाना क्षेत्र स्थित सबनीश बाग में एक घर के बाहर खिड़कियों के कांच फोड़कर तोड़फोड़ और गाली-गलौज करने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने फरियादी महिला और उनकी भाभी के साथ अभद्रता की और जाते-जाते उनके भाई को अकेला मिलने पर जान से खत्म करने की धमकी भी दी। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने दो नामजद आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

एमजी रोड पुलिस के अनुसार, सबनीश बाग निवासी फरियादी आरती जरिया ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह चेतन कॉम्प्लेक्स काछी मोहल्ला स्थित अपने भाई के घर गई थीं। वहां पहुंचने पर उन्होंने देखा कि जूनी इंदौर निवासी आरोपी गुलशन और लक्की घर के बाहर खिड़कियों के कांच फोड़ रहे थे। तोड़फोड़ की आवाज सुनकर फरियादी की भाभी भावना बाहर निकलीं, तो आरोपी दोनों महिलाओं से गाली-गलौज करने लगे। इसके बाद आरोपी यह धमकी देते हुए मौके से भाग गए कि आज तो सिर्फ कांच ही फोड़े हैं, तेरा भाई कहीं अकेला मिला तो उसे जान से खत्म कर देंगे।

ऑटो रिक्शा में जबरन बैठे बदमाश पुरानी रंजिश में चालक को पीटा

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। बाणगंगा थाना क्षेत्र में ऑटो रिक्शा चालक को अगवा कर पुरानी रंजिश के चलते मारपीट करने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने ऑटो चालक को सरकारी स्कूल के पीछे ले जाकर गाली-गलौज की और लकड़ी के डंडे तथा हाथ-मुक्कों से हमला कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने नामजद आरोपी समेत उसके साथियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बाणगंगा पुलिस के अनुसार, नरवल निवासी फरियादी अनिल पिता परसराम साहू ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह अपने ऑटो रिक्शा से बाणेश्वर कुंड के पास सवारी उतारकर शनि मंदिर से वापस अपने घर जा रहे थे। तभी सौम्य तिवारी निवासी वृंदावन कॉलोनी अपने दो साथियों के साथ आया और जबरन ऑटो में बैठ गया। आरोपी और उसके दोस्त फरियादी को उसके घर के पास स्थित सरकारी स्कूल के पीछे वृंदावन कॉलोनी ले गए। वहां पुरानी बात को लेकर आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। जब फरियादी ने विरोध किया, तो सौम्य तिवारी ने लकड़ी के डंडे से और उसके साथियों ने हाथ-मुक्कों से उनके साथ मारपीट की।

अवैध गांजा के साथ दो युवकों को पकड़ा

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। नारकोटिक्स विंग के डीआईजी कुमार प्रतीक के मार्गदर्शन में विंग के अधिकारियों ने मुखबिर की सूचना के बाद घेराबंदी की और 32 किलो अवैध गांजा के साथ जवीन पिता राजमल सोलंकी 23 वर्ष निवासी वरला जिला बड़वानी तथा रणजीत पिता नकरम पावरा 25 वर्ष निवासी सांघवी धुले महाराष्ट्र को गिरफ्तार किया। मुखबिर से विंग निरीक्षक हरिओम





रघुवंसी को सूचना मिली थी कि दोनों आरोपी मारुति स्विफ्ट कार में गांजे का परिवहन कर रहे हैं। उसी के बाद कार को रोका गया और चैकिंग कर अवैध गांजा और कार जब्त की गई। दोनों आरोपियों पर कार्रवाई भी एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत की गई। इस कार्रवाई में विंग के राजरतन तायड़े, विकास आर्य, प्रदीप पाल, दुर्गेश सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

गांजा तस्कर पुलिस के हत्थे चढ़े

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। भंवरकुआं और द्वारकापुरी थाना क्षेत्रों में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गांजे के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। भंवरकुआं पुलिस ने 1 किलो 200 ग्राम गांजा के साथ मटन दुकान संचालक को पकड़ा, जबकि द्वारकापुरी पुलिस ने बाइक सवार आरोपी से करीब 35 हजार रुपए कीमत का 1 किलो 118 ग्राम गांजा बरामद किया है।

भंवरकुआं पुलिस के अनुसार चेकिंग के दौरान सूचना मिली कि हिम्मत नगर पालदा में एक संदिग्ध मादक पदार्थ बेचने की फिराक में घूम रहा है। घेराबंदी कर पुलिस ने मनु बोरासी पिता तुलसीराम बोरासी निवासी बड़ी ग्वालटोली, पलासिया को पकड़ा, जिसके पास से 1 किलो 200 ग्राम गांजा मिला। थाना प्रभारी संतोष दूधी ने बताया कि आरोपी की बड़ी ग्वालटोली में मटन की दुकान है और वह दुकान पर आकर गांजा देने वाले अज्ञात व्यक्ति के जरिए माल लाकर ट्रांसपोर्ट नगर व औद्योगिक नगर पालदा में फुटकर बिक्री के लिए पहुंचा था। पुलिस सप्लायर की तलाश में जुटी है।

उधर, द्वारकापुरी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चांदमारी कंपाउंड ग्राउंड, स्कीम नंबर 71 में घेराबंदी कर चेतन्य उर्फ चेतन उर्फ अरुण निवासी प्रजापत नगर को बाइक सहित गिरफ्तार किया। तलाशी में उसके पास कलीयुक्त नमीदार गांजा कुल 1 किलो 118 ग्राम बरामद हुआ। दोनों थानों में आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर आगे की पूछताछ की जा रही है।

कार की हवा निकालने व स्टीकर लगाने के शक में घर में घुसा चालक, महिला को धमकाया

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र स्थित डी-सुदामा नगर में कार की हवा निकालने और स्टीकर लगाने के संदेह में एक कार चालक द्वारा घर का मेन गेट खोलकर भीतर घुसने व गाली-गलौज करने का मामला सामने आया है। महिला द्वारा पुलिस बुलाने की बात कहने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से चला गया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने कार चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अन्नपूर्णा पुलिस के अनुसार, डी-सुदामा नगर निवासी फरियादी ज्योति पति नरेश कुमार सूर्यवंशी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह और उनकी बेटी नेहा सूर्यवंशी घर पर अकेली थीं तथा उनके पति बाहर गए हुए थे। इसी दौरान मारुति स्विफ्ट कार क्रमांक जीजे 19 एएफ 0774 का चालक जबरदस्ती घर का बाहरी मेन गेट खोलकर अंदर घुस आया और हॉल का दरवाजा खोलने के लिए जोर-जोर से गाली-गलौज करने लगा। आरोपी का आरोप था कि घर वालों ने उसकी कार की हवा निकाल दी है और गाड़ी पर स्टीकर लगा दिया है। इस पर फरियादी ने बेडरूम की खिड़की खोलकर कहा कि उन्होंने न तो गाड़ी की हवा निकाली है और न ही स्टीकर लगाया है, साथ ही आगे बजाज की मल्टी में रहने वाले चालक को वहीं गाड़ी खड़ी करने की समझाइश दी। इसी बात पर भड़के चालक ने बाहर निकलने को कहा और पुलिस बुलाने की बात सुनकर जान से मारने की धमकी देते हुए बाहर निकल गया।

सम्पादक : महेश मूंगड़ा। स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन, 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। RNI NO. MPHIN/2005/15582 फोन : 98273-69587 ई-मेल : cityblastindore@gmail.com